मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 1 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 1- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 55 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ भ्रष्टाचार-महंगाई रोकने के उपाय

सलमान खान को फिर मिली जान से मारने की धमकी, दो करोड़ की मांगी फिरौती मांगी फिरौती ◂◂ 6

दीपावली की रात अपराधियों ने युवक के सिर में मारी गोली

मेट्रो रेज

पलामू : मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के बाई पास रोड के इलाके में दीपावली की रात (गुरुवार) अपराधियों ने एक युवक के सिर में गोली मार दी । इस गोलीबारी में बैरिया चौक निवासी राजेश मालाकार गंभीर रूप से घायल हो गया । परिजनों और स्थानीय लोगों ने घायल युवक को आनन-फानन में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया । घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गयी है ।

आपसी विवाद में चली है गोली : जानकारी के अनुसार, राजेश मालाकार बाईपास रोड के पास बैठा था । इसी क्रम में अपराधी वहां पहुंचे और उसके सिर पर गोली मार दी । गोली मारने का आरोप अन्नू विश्वकर्मा पर लगा है । कहा जा रहा है कि आपसी विवाद के बाद गोलीबारी की घटना हुई है।

दिवाली पर डबल मर्डर से दहली दिल्ली

पटाखों के शोर के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग, बाप-बेटे की हत्या

नई दिल्ली : दिवाली की रात पटाखों के शोर के बीच दिल्ली डबल मर्डर से दहल उठी। राजधानी के फर्श बाजार इलाके में हथियारबंद युवकों ने तीन लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस वारदात में दो की मौत हो गई और तीसरा शख्स बुरी तरह घायल है। ये तीनों रिश्ते में बाप-बेटे और भतीजे हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह घटना दिवाली वाली रात करीब 8.30 बजे की है। पुलिस ने डबल मर्डर के पीछे आपसी रंजिश की आशंका जताई है। दिल्ली पुलिस को रात करीब 8.30 बजे पुलिस स्टेशन फर्श बाजार में फायरिंग के बारे में पीसीआर कॉल मिली। फर्श बाजार के एसएचओ और स्टाफ मौके पर पहुंचे। पुलिस की टीम को मौके पर खून मिला। चश्मदीदों ने बताया कि कैसे पटाखों के शोर के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में तीन लोगों को गोली लगी। 40 साल के आकाश और 16 साल के ऋषभ शर्मा की मौत हो गई, जबकि 10 साल के कृष शर्मा गोली लगने से बुरी तरह घायल हो गया।

पिता आकाश और बेटे ऋषभ की मौत हो गई, जबकि भतीजा कृष घायल हो गया। इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं और चश्मदीदों से जानकारी हासिल की जा रही है। अभी तक हमलावरों का कोई अता-पता नहीं चल पाया है।

सीएम हेमंत सोरेन पर भाजपा ने कसा तंज , कहा-

पांच साल में सात साल बढ़ गयी उम्र...

मेट्रो रेज

रांची: महाराष्ट्र के साथ-साथ झारखंड में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव जीतने के लिर राजनीतिक दल लगातार कमर कसे हुए हैं। इस बीच, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्र को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। सीएम ने बरहेट सीट से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। हेमंत ने जो हलफनामा (शपथ पत्र) दाखिल किया है, उसके मुताबिक उनकी उम्र पांच साल के अंतराल में ही सात साल बढ़ गई है। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने पूछा कि आखिर वह पांच वर्षों में सात साल कैसे बढ़े हो गए? दरअसल, साल 2019 में हेमंत के नामांकन पत्र में उनकी उम्र 42 साल बताई गई थी, लेकिन इस साल उनकी उम्र 49 साल बताई गई है।

भाजपा ने पूछा- इसका जिम्मेदार कौन? : भाजपा का कहना है कि अब यह तो हेमंत सोरेन ही बता सकते हैं कि 2019 में उनकी उम्र सही थी या 2024 में उन्होंने जो उम्र दाखिल की है, वह सही है। अगर 2024 में उनकी उम्र सही है तो इसका मतलब है कि उन्होंने 2019 का विधानसभा चुनाव गलत शपथनामे पर जीता था। और अगर ऐसा है तो फिर इसका जिम्मेदार कौन है?

असम सीएम ने भी साधा निशाना: असम के मुख्यमंत्री और झारखंड प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, 'मैं तो कहता हूं कि हेमंत सोरेन का नामांकन रद्द नहीं होना चाहिए। जनता ही उनको हराएगी।' वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, हेमंत सोरेन हमेशा ऐसे ही करते हैं। चुनाव आयोग से हमने कहा है कि ये गलत है। एफिडेविट को तो कम से कम ठीक से रखना चाहिए।

'झोल, मुस्लिम तुष्टिकरण और माफिया': झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की उम्र को लेकर उठे विवाद पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'जेएमएम का मतलब होता है 'झोल, मुस्लिम तुष्टिकरण और माफिया'। भ्रष्टाचार के नए मापदंड स्थापित करने वाली जेएमएम सरकार अब हलफनामों में भी भ्रष्टाचार कर रही है। हेमंत सोरेन पिछले पांच वर्षों में सात साल बढ़े हो गए हैं। इसी तरह, उन्होंने भ्रष्टाचार और घोटाले किए।'

बरहेट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव: भाजपा उम्मीदवार : हेम्ब्रोम ने कहा, मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ना एक चुनौती है, लेकिन बरहेट के लोगों ने इस चुनौती को स्वीकार करने का फैसला किया है। वहां लोग अभी भी सड़क और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह बुनियादी ढांचे, मुख्य रूप से सड़क, पीने के पानी, बिजली और स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे।

बिहार : मुजफ्फरपुर के पास मालगाड़ी के चार खाली डिब्बे पटरी से उतरे

पटना: बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के पास नारायणपुर अनंत रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को एक मालगाड़ी के चार खाली टैंक डिब्बे पटरी से उतर गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार यह घटना बृहस्पतिवार अपराह्नकरीब 3:45 बजे शंटिंग के दौरान हुई, जब उक्त मालगाड़ी के चार खाली टैंक डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) जोन के सोनपुर रेल मंडल के प्रबंधक (डीआरएम) विवेक भूषण सूद अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य की निगरानी की। घटनास्थल पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के निरीक्षक मनोज कुमार यादव ने संवाददाताओं से कहा, मरम्मत का काम जारी है।

घटना के कारण...अप लाइन पर कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। डाउन लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही सामान्य है। स्थानीय रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर रेलवे स्टेशनों पर कुछ ट्रेनें कुछ समय के लिए रोकी गईं। बार-बार प्रयास करने के बावजूद ईसीआर जोन के कोई अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस घटना पर टिप्पणी के लिए तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके हैं।

दिवाली के ठीक बाद धमाका, 62 रूपये बढ़े एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़े

नई दिल्ली: दिवाली के ठीक दूसरे दिन जनता की जेब पर महंगाई का झटका लगा है। जी हां,शुक्रवार को एलपीजी की कीमत में वृद्धि देखने को मिल रही है । 1 नवंबर 2024 को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में करीब 62 रुपये की बढ़ोतरी हुई है । इंडियन ऑयल द्वारा जारी लेटेस्ट रेट पर नजर डालें तो, दिल्ली में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1802 रुपये लोगों को अब चुकाने होंगे । वहीं, कोलकाता में 19 किलो वाले एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 1911.50 रुपये हो चुके हैं । कारोबारी नगरी मुंबई में एलपीजी सिलेंडर 1754.50 रुपये में मिलेगा । जबकि, चेन्नई में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1964.50 रुपये हो चुकी है ।

इजरायल ने गाजा पर किया हमला, 110 लोगों की मौत

■ गाजा के बेत लाहिया में आवासीय भवनों पर बमबारी ■ देर रात हुए हमले में जिंदा दफन हुए लोग

एजेंसी/गाजा पट्टी: हमास के गढ़ गाजा पर इजरायल के भीषण हमले जारी हैं। इजरायल ने गाजा के बेत लाहिया में आवासीय भवनों पर भीषण बमबारी में 100 से अधिक लोगों को मार डाला। देर रात हुए हमले में लोग सोते-सोते ही जिंदा दफन हो गए। गाजा में पिछले तीन महीने के भीतर यह सबसे घातक हमला है। इजरायल के एक ही हमले में लाशों का अंबार देखकर अमरीका भी सहम गया। अमरीका ने इस हमले को भयावह कहा है। इजरायल ने लगातार दो दिन यहां बमबारी की और सैकड़ों लाशें बिछा दीं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि मरने वालों में कम से कम 25 बच्चे थे। जीवित लोगों की तलाश की जा रही है। मरने वालों की संख्या 110 पार कर गई है। गाजा में अब तक इजरायली हमलों में मारे गए लोगों की संख्या 44 हजार पार कर गई है। उधर, इजरायली हमले के बाद बेत लाहिया शहर को आपदा ग्रस्त घोषित कर दिया गया है। इजरायल की सेना ने गाजा के बेत लाहिया में आवासीय भवनों पर मंगलवार और बुधवार को बमबारी की। बुधवार को ताजा हमले में कम से कम 19 फिलिस्तीनी मारे गए। इससे पहले मंगलवार को गाजा के उत्तरी शहर में हुए भीषण हमले के जख्म अभी तक भरे नहीं हैं। सुरक्षा कर्मी इलाके में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। अभी भी मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है।

28 लाख दीपों से जगमगाई अयोध्या, सीएमयोगी की उपस्थिति में रामनगरी में बना वर्ल्ड रिकार्ड

अयोध्या: रामनगरी अयोध्या में आठवीं बार भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिस दौरान राम की पैड़ी पर 28 लाख दीप प्रज्वलित कर विश्व रिकार्ड बनाया गया। रामनगरी को पूरी तरह से सजाया गया था और खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम कथा पार्क पर भगवान के स्वरूपों का राज्याभिषेक किया। राम की पैड़ी पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इनमें लेजर शो इमेज प्रोटेक्शन शो भी शामिल रहा। 1100 अर्चकों ने एक साथ मां सरयू की आरती उतारी और सरयू पुल से आतिशबाजी का विशेष शो भी लोगों ने देखा। इसके बाद पहली बार 500 ड्रोन के साथ विशेष शो और फ्लेम शो का भी भक्तों ने लुत्फ उठाया। दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए 30 हजार वालंटियर्स के सहयोग से 28 लाख दीयों को प्रज्वलित किया

गया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया के माध्यम से लिखा कि दीपोत्सव ऐतिहासिक है। हम सबके आराध्य श्रीरामलला 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अपने धाम में विराजमान हुए हैं। 500 वर्ष बाद धर्मधरा अयोध्या धाम में श्री रामलला की पावन जन्मभूमि पर बने उनके भव्य-दिव्य मंदिर में भी हजारों दीप प्रज्वलित होंगे। आइए, इस महापर्व में सहभाग कर सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा का उत्सव मनाएं। भगवान श्री राम के आगमन पर श्री अयोध्या धाम के दीपों के साथ अपने घरों में भी आत्मीयता और समता का दीपक अवश्य प्रज्वलित करें। जय जय श्री राम।

न्यूज ब्रीफ

हर्षोल्लास से मनी दीपावली

मुरी: मुरी सिल्ली के हर घर में दीप जलाया गया। सभी ने दीपावली की शुभकामनाएं दी। ऐसे मौके पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली एवं झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं हिण्डाल्को ने भी कर्मचारियों को मिठाई की गिफ्ट भेंट की। महिलाएं मंदिरों में पूजा-अर्चना किया। इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा दीवाली पर मां काली की पूजा अर्चना की गई। घरों में गणेश लक्ष्मी की छोटी मूर्ति बैठाकर पूजा की गई। बच्चे बम-फटाखे फोड़ने में व्यस्त रहे। सिल्ली की रिंकी कुमारी सालों से मां काली की पूजा करती आ रही है वे कहती हैं कि मां काली की ही आराधना से हमें सब तरफ से मुसीबत से बचाव होता है।साथ ही घर की साफ सफाई कर दीप भी जलाते हैं।

एक सप्ताह से लापता है दो बच्चों के पिता और दो बच्चों की मां

सिल्ली: सिल्ली थानाटांड़ की रहने वाली एक महिला जो 2 बच्चे की मां है बीते मंगलवार से लापता है वही दूसरी ओर मुरी ओपी क्षेत्र के मेदनी पिस्का निवासी 2 बच्चें के पिता नरेश कर्मकार भी बीते मंगलवार से लापता है। इसको लेकर दोनों के परिजनों ने थाना में सन्हा दर्ज कराया है लेकिन अबतक पता नही चल पाया है। लापता नरेश कर्मकार के बारे में बताया जाता है की वह गूंज परिवार का एम्बुलेंस चलाता है और लापता महिला के बारे में बताया जाता है कि उसका पति विकलांग है जिसने सामुदायिक अस्पताल सिल्ली परिसर के बाहर एक झोपड़ी बनाकर दुकान खोला है जिसको पति पत्नी दोनों मिलकर दुकान चलाते थे। इधर हर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है लापता नरेश कर्मकार को हमेशा दुकान में अड्डाबाजी करते देखा जाता था, लोग अंदेशा जता रहे है दोनों के बीच प्रेमप्रसंग हो गया होगा और दोनों ने मिल कर यह कदम उठाया होगा ।

केंद्रीय प्रवक्ता आजसू पार्टी विकास राणा ने दिया इस्तीफा

रांची: विकास राणा (हजारीबाग) अपनी स्वेच्छा से आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं केन्द्रीय प्रवक्ता के पद सहित अन्य सभी पदों से त्याग-पत्र दे दिया है। यह जानकी जानकारी छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने दी है।

ग्रामीणों के बीच चर्चा का बिषय आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

सिल्ली : सिल्ली के कई गांवों में एक राजनीतिक पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा छाता और गंजी बांटे जाने की चर्चा ग्रामीणो के बीच दबे जुबान पर है। कई लोगों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया काडाकाटा और आमटिकरा में छाता और गंजी बांटने पर कुछ समझदार लोगों ने खुल्लेआम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन की बात कहकर विरोध जताया था। दूसरी ओर अवैध महुआ शराब की चुलाई और बिक्री भी बेखौफ जारी है यही स्तिथि रहा तो नशा चुनाव को प्रभावित कर सकता है।

अवैध हथियार साफ करने के दौरान चली गोली, एक घायल

पलामू: अवैध हथियार सफाई के दौरान गोलने से एक व्यक्ति घायल हो गया। यह घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ इलाके में हुई है, जहां सुभानी मियां नाम के व्यक्ति को पैर में गोली लगी है। घायल युवक को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, घायल व्यक्ति का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है।

डीसी-एसएसपी ने मतदाताओं से किया संवाद

जमशेदपुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बुधवार को मानगो क्षेत्र के वल्नरेबल पॉकेट में मतदाताओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए संवाद किया। कार्यक्रम में आदिवासी जनकल्याण हाई स्कूल, उलीडीह एवं मध्य विद्यालय पारडीह के बूथों में मतदान करने वाले मतदाता शामिल हुए। इस दौरान अधिकारियों ने सभी को भयमुक्त वातावरण में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अपने सगे-संबंधियों, आस पड़ोस के लोगों के साथ लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए 13 नवंबर को बूथ तक पहुंचें। किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना दबाव एवं लोभ, लालच के लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करें। कहा एक-एक वोट कीमती है, इसका विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करें।

स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हजारीबाग: इचाक के कैंपियन बेसिक एकेडमी और कैंपियन किड्स एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इन स्कूलों का संचालन मानव विकास संस्था की ओर से किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव बीरबल प्रसाद एवं प्राचार्या सुरभि वर्मा ने किया। इसमें दोनों स्कूलों के बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। इस रंगोली प्रतियोगिता में जहां लघु भारत का अतुल्य झलक दिखा। वहीं बच्चों की शानदार और मनमोहक प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, अध्यात्म, इतिहास, परंपरा, महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा, विविधता में एकता, संविधान की शक्ति सहित अन्य सामाजिक जागृति संदेश के साथ प्राचीन और आधुनिक प्रस्तुति का सामंजस्य किया और अपनी विलक्षण कलाकारी से लोगों को प्रभावित किया।

इस अवसर पर बीरबल प्रसाद ने कहा कि कैंपियन परिवार के बच्चों ने जिस प्रकार अपने विलक्षण प्रतिभा के प्रदर्शन से मन मोहा है यह स्कूल प्रबंधन का बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण को साफ प्रदर्शित करता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा के विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

रांची विवि में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ का आयोजन

सरदार पटेल के कार्यों व आदर्शों को करें आत्मसात: राज्यपाल

सरदार पटेल के कार्यों को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी : डॉ अजीत कुमार सिन्हा

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची: रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में लौह पुरुष भारत रत्न से नवाजे गए सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस , शपथ एवं एकता दौड़ का आयोजन आर यू के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग के सभागार में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर कुलपति, निदेशक डॉ बी पी सिन्हा , आई क्वि ए सी के समन्वयक डॉ बी के सिन्हा , एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार, उप निदेशक डॉ स्मृति सिंह, डॉ रणधीर कुमार तथा अन्य शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया एवं सरदार पटेल को श्रद्धांजलि प्रदान किया।

कार्यक्रम में झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार का वीडियो संदेश भी स्क्रीन पर प्रसारित किया गया। अपने संदेश में उन्होंने सरदार बल्लभ भाई पटेल की उपलब्धियों को चर्चा करते हुए कहा कि सरदार पटेल जी के द्वारा अपनाए गए दृढ़ता, एकता, एकजुटता और देशभक्ति की आदर्शों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा हर कदम उनकी चीर स्थायी विरासत के लिए एक श्रद्धांजलि है और यह याद दिलाता है कि हम सभी एक बड़ी कहानी का हिस्सा हैं जो हमको हमारे साझा सपने और आकांक्षाओं के लिए चुनी गईं है।उन्होंने कहा कि आप सभी छात्र - छात्राएं हमारे देश के भविष्य के निर्माता हैं एवं आपकी ऊर्जा, उत्साह और एकता की भावना से अपना देश मजबूत बनेगा।महामहिम ने सबों को राष्ट्रीय एकता दिवस तथा दीपावली की शुभकामनायें दी।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डा. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई लौह पुरूष थे उन्होंने देश के लिये अपना सर्वोच्च दिया। उन्होंने 500रियासतों को देश में मिलाया, कश्मीर का भारत में विलय भी उन्हीं की देन है। आजादी के तीन वर्ष बाद ही वर्ष 1950 में वह हमारे बीच से चले गये, उनके नेतृत्व में हमारा देश और भी विकसित होता।

आज यह हमारा कर्तव्य है कि उनके नीतियों और देश के लिये किये गये प्रयासों को हम आगे बढायें। उन्होंने सभी को दीपावली एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

माननीय कुलपति ने कार्यक्रम में शामिल सभी को इस अवसर पर देश की सुरक्षा तथा अखंडता के लिये शपथ दिलायी।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग परिसर से रन फोर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसे कुलपति ने झंडा दिखाकर रवाना किया। एकता दौड़ वहाँ से शुभारंभ होकर ऑक्सीजन पार्क, राजकीय अतिथिशाला, केंद्रीय पुस्तकालय, डी एस पी एम यू, आर्ट्स ब्लॉक होते हुए पुनः मास कॉम परिसर में आकर समाप्त हुआ।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डा.ब्रजेश कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मास कौम के निदेशक डा. बीपी.सिन्हा ने किया।

दीपावली के बावजूद आर यू के 16 महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय विभागों के लगभग200 से ज्यादा एन एस एस के स्वयंसेवक शामिल हुए।

इस अवसर पर आइक्यूएसी के डा.बीके.सिन्हा, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डा.स्मृति सिंह, डा.रणधीर कुमार, डा.किशोर सुरीन, आइएलएस की हैप्पी भाटिया, पूनम कुल्लू, नम्रता कुमारी,मास कौम के शिक्षक संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः दिवाकर,, रिकेष, आकाश, रुपाली, अजहर, रिया, जीतेन्द्र, मुस्कान, नाज, सुजीत, संकल्प, रौशनी, चिंटू आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

पहले चरण में मैदान में कुल 685 उम्मीदवार 58 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची : विधानसभा चुनाव के पहले चरण में कुल 685 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार को 58 नाम वापस लिए जाने के बाद यह संख्या तय की गई है। राज्य की 43 विधानसभा सीटों पर पहले चरण के चुनाव 13 नवंबर को होंगे। 18 से 25 अक्तूबर के बीच इन सीटों के लिए 805 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे थे। नामांकन की जांच के बाद 743 नामांकन स्वीकार किए गए थे।

मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि झारखंड चुनाव के पहले चरण के लिए कुल 685 उम्मीदार मैदान में हैं। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 28 उम्मीदवार हैं। जबकि जगन्नाथपुर में सबसे कम आठ उम्मीदवार हैं। 2019 में इन 43 सीटों पर कुल 633 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था।

राज्य में दो चरणों में होंगे मतदान: झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गई। जिसमें कुल 634 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे। 20 नवंबर को 38 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा।

चुनाव आयोग के मुताबिक, झारखंड पुलिस ने सबसे ज्यादा 121.14 करोड़ रुपये नकद और सामग्री जब्त की है। सबसे अधिक जब्ती खूंटी में 3.03 करोड़ रुपये की हुई है। जबकि गिरिडीह में 2.80 करोड़ रुपये और पूर्वी सिंहभूम में 1.97 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है। मुख्य चुनाव अधिकार रवि कुमार ने कहा कि उन्हें बरामदगी के बारे में अब तक कोई विस्तृत रिपोर्ट नहीं मिली है। लेकिन उम्मीद है कि उन्हें कल यह रिपोर्ट मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने पर अब तक 22 प्राथमिकी दर्ज की गई हं और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

झारखंड में घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की' : कांग्रेस

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची: कांग्रेस ने दावा किया कि घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे भाजपा चुनावी राज्य झारखंड में सत्तारूढ़ दल इंडिया ब्लॉक पर हमला करने के लिए उठा रही है। कांग्रेस नेता आलोक शर्मा ने दावा किया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडिया ब्लॉक झारखंड में 'पूर्ण बहुमत' के साथ सत्ता बरकरार रखेगी।

'झारखंड के लोग पूरी तरह से भाजपा के खिलाफ': एआईसीसी प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा, विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के नकारात्मक प्रचार के कारण झारखंड के लोग पूरी तरह से भाजपा के खिलाफ हैं। हम पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में अधिक सीटें जीतेंगे। उन्होंने इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच किसी भी मतभेद से इनकार किया, हालांकि इसके सहयोगी राजद ने सीट बंटवारे की व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया।'घुसपैठ को रोकना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी': इस बार के चुनाव में मुख्य मुद्दा बने रहे बांग्लादेशी घुसपैठ और परिवारवाद जैसे मुद्दों पर पूछे गए सवाल के जवाब में आलोक शर्मा ने सवाल किया, 2014 से एनडीए के 10 साल के शासन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घुसपैठ को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं? क्या असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस समस्या का समाधान किया? घुसपैठ को रोकना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।

'मोदी सरकार ने घुसपैठ को रोकने के लिए क्या कदम उठाए?': 2014 से पहले भी घुसपैठ होने के बारे में पूछे जाने पर आलोक शर्मा ने चुटकी लेते हुए कहा कि केंद्र में पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने अवैध आव्रजन को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाए थे। उन्होंने कहा, जब हम सत्ता में थे, तब हमने सीमाओं पर बाड़ लगाई थी, लेकिन मोदी सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान घुसपैठ को रोकने के लिए क्या कदम उठाए।

लोगों ने भाजपा को सबक सिखाने को बनाया मनः आलोक

इस मामले में राज्य सरकार की कोई जिम्मेदारी है या नहीं, इस सवाल पर आलोक शर्मा ने कहा, यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी थी, क्योंकि झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में घुसपैठ होती है। कांग्रेस नेता ने झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। आलोक शर्मा ने कहा, भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए समाज में जाति और पंथ के आधार पर नफरत फैला रही है, लेकिन लोगों ने आगामी चुनावों में भगवा पार्टी को सबक सिखाने का मन बना लिया है।

जरूरतमंदों के बीच दीया-बत्ती का वितरण

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची : दीपावली को लेकर समाजसेवी रूना शुक्ला ने जरूरतमंदों के बीच दीया, बत्ती, तेल, मिठाई और नमकीन का वितरण किया। इस अवसर पर 50 से अधिक जरूरतमंदों को लाभ मिला। समाजसेवी रूना शुक्ला ने बताया कि दीपावली रौशनी का त्योहार है, इसमें हर किसी का घर रौशन हो इसके लिए यह एक छोटा सा प्रयास है। यह काम समाज में मौजूद हर सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए। उन्हें देखना चाहिए कि हमारे घरों में रौशनी पहुंच रही है, लेकिन आसपास के लोग कहीं अंधेरे में तो नहीं है। दीपावली का त्योहार हर किसी जीवन में खुशियां लेकर आता हैं। इस

अवसर पर नामकुम के बाल्मीकि आवास, कड़रू, केतारी बगान, नामकुम बाजार समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों के बीच दीया-बत्ती का वितरण किया गया। मौके पर किरण कुमारी, बालक लोहरा , रमेश शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

भुरकुंडा में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

रामगढ़: भुरकुंडा में जिला प्रशासन के द्वारा थाना चौक से लेकर बिरसा चौक होते हुए पटेल नगर तक रैली निकाली गयी। जिसमें रामगढ़ के डीसी, एसपी एवं जिले व प्रखंड के कई पदाधिकारी, जल सहिया एवं कई स्कूल के छात्र, छात्राएं शामिल थे।

आजादी के इतने वर्षों बाद भी सुरगुंजाडीह में नहीं बनीं सड़क

कई गांव में सड़क है पर मरम्मत के अभाव में तोड़ रहा दम

मेट्रो रेज संवाददाता

सिल्ली: गांव हो या शहर विकास के लिए सड़क की अहम भूमिका होती है पर सिल्ली में आज भी कई ऐसे अच्छी खासी आबादी वाला गांव है जहाँ देश की आजादी के बाद से अबतक गांव तक जाने के लिए सड़क नही है और कई ऐसे गांव है जहां सड़क मरम्मत के अभाव में सड़क दम तोड़ रहा है। बताते चलें की सिल्ली प्रखंड से महज 6-7 किमी दूर सुरगुंजाडीह गांव तक जाने के लिए सड़क नही है पूर्व विधायक अमित महतो ने अपने विधायक निधि से बताया जाता है लगभग 1400 फीट पीसीसी पथ बनवाया है और आगे गांव तक जाने के लिए सड़क नही बना है इस गांव के लोग बरसात के दिनों में पगडंडी के सहारे मुख्य पथ पर चलकर आते है बीमार व्यक्ति को खटिया में उठाकर लाया जाता है। दूसरी ओर टूटकी नवाडीह गांव होते हुए बंता टीकर पथ तक जाने वाला सड़क बर्षो से मरम्मत के अभाव में दम तोड़ रहा है लगभग दो से ढाई हजार आबादी वाले इस गांव के लोगों को हर दिन आवाजाही करने में दिक्कत होती है इतना ही नही इस गांव में किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसका शव को कंधे में उठाकर अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट तक ले जाना मुश्किल हो जाता है। मजे की बात है की करोड़ों की लागत से पुल बना है जो बिना काम का है लोग केवल बैल बकरी ले जाते है और लाते है और तो और भाजपा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के कार्यकाल में उनके निधि से एक श्मशान घाट बना है वह भी अधूरा पड़ा हुआ है। वही सिटकाडीह चातमबाड़ी में वर्तमान विधायक निधि से बने मिट्टी मुरम पथ ढह गया है स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को रोज दिन परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कहते है यहां विकास के नाम पर केवल लूट है।

सीएम हेमंत सोरेन की उम्र से जुड़ा मामला

सीएम से जुड़ी सभी जानकारी बिल्कुल स्पष्ट और सार्वजनिक : मनोज पांडे

मेट्रो रेज

रांची : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्र और उनके द्वारा घोषित की गई संपत्ति पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई है। इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता मनोज कुमार पांडे ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मनोज कुमार पांडे ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ह्लदेखिए सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जो भी पहलू है उनकी सारी जानकारियां पब्लिक डोमेन में है। हम लोग आज कुछ

और कल कुछ और बोलने में यकीन नहीं करते हैं।

सीएम सोरेन की उम्र पर बात करते हुए उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन की जन्म वर्ष 1975 है जिसके हिसाब से वह साल 2024 में 49 साल के हो चुके हैं। साधारण गणित के तहत भी कोई यह बात बता देगा। अगर पिछली बार इस मामले में कोई त्रुटि हुई है, तो उसको लेकर इस बार आपत्ति दर्ज नहीं की जा सकती है। मैं नहीं जानता हूं कि पिछली बार कोई त्रुटि हुई थी या नहीं। लेकिन चीजें बिल्कुल स्पष्ट हैं क्योंकि हम लोग ना फर्जी चीजों को बढ़ावा देते हैं ना फर्जी दस्तावेज पेश करते हैं।

मनोज कुमार पांडे ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, हम वह लोग नहीं है जो हैं आठवीं पास होने के बावजूद राजनीति विज्ञान की डिग्री धारण करने की बात करें। हम वह लोग नहीं हैं जो विवाहित होते हुए भी अविवाहित के कॉलम में टिक लगा दें। ऐसा हम लोग नहीं करते हैं। इसलिए वह लोग अपने नेताओं से यह सब पूछें और उनको सीख दें। मनोज कुमार ने आगे कहा कि संपत्ति का वैल्यूएशन अप डाउन होता रहता है और सरकार संपत्ति का वैल्यूएशन करती है। उल्लेखनीय है कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में चुनाव होगा, जबकि 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक बनाने के इरादे के साथ उतरने जा रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को 73,725 वोट मिले थे।

खड़े ट्रक को पार्सल ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, चालक की मौत

मेट्रो रेज



रांची: हल्दार- रांची-टाटा राजमार्ग पर तमाड़ थाना क्षेत्र के रोलाडीह में भीषण सड़क हादसा हुआ। हाईवे में एक खड़ी ट्रक को पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि उसका खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। बता दें, पार्सल ट्रक ने कोयला से लदी ट्रक को पीछे से टक्कर मारा था। वहीं, दुर्घटना के कारण करीब एक घंटे तक रांची-टाटा मार्ग पर आवागमन बाधित रहा।

दो दिनों से खड़ा था कोयला लदा ट्रक: हादसे को लेकर जो जानकारी सामने आयी है उसके मुताबिक तमाड़ के रोलाडीह में हाईवे में बीच सड़क पर ब्रेकडाउन के कारण कोयला लदी एक ट्रक दो दिनो से खड़ी थी। इसी दौरान रांची से टाटा की और जा रही एक पार्सल ट्रक, जो काफी तेज रफ्तार में थी, ने पीछे से कोयला लदी ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की पार्सल ट्रक के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

ट्रक चालक की मौके पर ही मौत: हादसे के बाद पार्सल ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खलासी को गंभीर चोट आई है। रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर के बाद चालक का शरीर सीट और स्टेयरिंग के बीच फंस गया। काफी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से ट्रक को हटाकर शव को निकाला गया। तमाड़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। शव की पहचान तारीफ माजिद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वो हरियाणा के मेवात का रहने वाला था।

सिल्ली विस क्षेत्र में देवेंद्रनाथ महतो ने की पोलिंग मैनेजमेंट की बैठक

सिल्ली: राज्य का माहौल त्योहारों के साथ चुनावी रंग में रंग चुका है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने चुनावी रेस में है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र इस चुनाव में काफी होट चुनावी क्षेत्र बन गया है। एनडीए और इंडिया एलाइंस के प्रत्याशी के बाद झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो के उतरने से रोमांचित मुकाबला हो गया है। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न किया। सोनाहातु प्रखंड में राधा रानी मैदान बांकु, सिल्ली प्रखंड का बैठक सिंहपुर मुरी एवं राहे प्रखंड का बैठक शिवटांगरा मैदान में सम्पन्न किया गया। बैठक में दीपावली,सोहराय,बरदखुंटा का शुभकामना सहीत मुख्य रूप से पोलिंग बूथ मैनेजमेंट पर गहन चर्चा किया गया। सभी पोलिंग स्टेशन का प्रभारी और सह प्रभारी का चयन किया गया। चुनावी रणनीति बात किया गया।बताते चलें की कृष्णा महतो का विधानसभा स्तरीय प्रभारी और सह प्रभारी में काम जीत सिंह मुंडा एवं संयोजक में ठाकुर दास मुंडा को चयन किया गया। घर घर अपने चुनाव चिन्ह कैंची छाप का संदेश प्रसारित करने को कहा गया।

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी

रांची: भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को अहले सुबह होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी की गयी। रांची डीसी वरुण रंजन, रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के साथ छापेमारी दल में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, डीएसपी-दो, कार्यपालक दंडाधिकारी, 20 पुलिस पदाधिकारी एवं 150 पुलिस जवान शामिल थे।

सभी वार्ड एवं बैरक की सघन जांचः छापेमारी के दौरान सभी वार्ड एवं बैरक की सघन जांच की गई। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस जवानों ने जेल के अंदर प्रत्येक वार्ड और सेल की गहन जांच की। जिसमें किसी तरह का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया।

झारखंड 2025 के लिए कोर्ट की छुट्टियों का कैलेंडर जारी

रांची: झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2025 की छुट्टियों का वार्षिक कलेंडर जारी कर दिया है। इस कलेंडर के मुताबिक, वर्ष 2025 में राज्य के सभी सिविल कोर्ट में लगभग 60 दिनों का अवकाश रहेगा। वहीं हाईकोर्ट में लगभग 45 दिनों से ज्यादा छुट्टियां रहेंगी। नये कैलेंडर में छुट्टियों में थोड़ा बदलाव किया गया है। इस बार एकमुश्त वार्षिक अवकाश की जगह 24 मई से 6 जून तक कुल 12 दिनों की गर्मी छुट्टी का प्रावधान किया गया है। वहीं ईसाई धर्म के पर्व ईस्टर की छुट्टी सिर्फ ईसाई धर्मवावलंबियों के लिए ही मान्य की गयी है। साथ ही जिला न्यायाधीश को यह अधिकार दिया गया है कि चंद्रमा के दृष्टिगोचर होने के मुताबिक वह मुस्लिमों के त्योहारों की तिथि में बदलाव कर सकते हैं।

रांची विश्वविद्यालय के कॉलेजों का होगा कायाकल्प नये परिसर के निर्माण पर खर्च होंगे 750 करोड़

डीपीआर की जा रही है तैयार

मेट्रो रेज

रांची: राजधानी रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों की आधारभूत संरचना दुरुस्त की जाएगी। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा रांची विश्वविद्यालय के चेरी-मनातू स्थित नए परिसर में प्रथम चरण के निर्माण कार्य के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इस पूरी योजना में लगभग 750 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके अलावा रांची वीमेंस कॉलेज की आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने और इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने की दिशा में डीपीआर तैयार कर ली गयी है।

डोरंडा कॉलेज में बनेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटरः उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसके लिए 363.65 करोड़ रुपये की योजना तैयार की है। राज्य सरकार ने रांची विश्वविद्यालय के डोरंडा कॉलेज में स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाने की योजना बनायी है। इसके लिए 5.23 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसे 31 दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 41 प्रतिशत कार्य पूरे हुए हैं। इसके अलावा डिग्री कॉलेज सिमडेगा में निर्माण कार्य के लिए 15.77 करोड़ रुपये दिये हैं। यहां 97 प्रतिशत कार्य हो गये हैं।

बीएन जालान कॉलेज सिसई के लिए 15.25 करोड़ मंजूरः बीएन जालान कॉलेज सिसई गुमला में निर्माण कार्य के लिए 15.27 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है। यहां भी 94 प्रतिशत कार्य पूरे हो गये हैं। विभाग ने केसीबी कॉलेज बेड़ो के लिए 13.49 करोड़ और मांडर कॉलेज के लिए 9.67 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। राज्य सरकार ने बिरसा कॉलेज खूंटी के लिए 351.21 करोड़, मारवाड़ी कॉलेज के लिए 69.77 करोड़, डोरंडा कॉलेज के लिए 108.59 करोड़, सिमडेगा कॉलेज के लिए 162.36 करोड़ और एसएस मेमोरियल कॉलेज के लिए 48.56 करोड़ रुपये राशि स्वीकृत की है। इन सभी की डीपीआर तैयार है और आगे की कार्रवाई चल रही है। बीएस कॉलेज लोहरदगा तथा केओ कॉलेज गुमला के नये परिसर के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। महिला कॉलेज खूंटी तथा डिग्री कॉलेज सिल्ली के लिए क्रमशः 58 करोड़ रुपये तथा 60 करोड़ रुपये की स्वीकृति के लिए विभागीय मंत्री से अनुमोदन लेने की प्रक्रिया जारी है।

खाली घर से लाखों की चोरी

गहने व नगद रूपयों के साथ- साथ बाथरूम का नल तक ले गये चोर

रांची: राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में एक घर में लाखों रुपये की संपत्ति चोरी होने का मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि चोरों ने न सिर्फ चोरी की, बल्कि घर के सामान को भी बर्बाद कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह चोरी तब हुई जब सत्येंद्र कुमार अपनी परिवार के साथ दशहरा की छुट्टियों में बोकारो गए हुए थे। जब सत्येंद्र दीपावली के एक दिन पूर्व अपने घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। तोशक, तकिया और अलमारी तक हर चीज इधर-उधर फैली हुई थी।

सत्येंद्र ने बताया कि चोरों ने दो से तीन लाख रुपये के गहने और 40 हजार रुपये से अधिक नगद चुरा लिए। चोरों ने बाथरूम के नल तक को नहीं छोड़ा और उसे भी नुकसान पहुंचाया। सत्येंद्र ने बताया कि चोरों ने घर में केवल चोरी नहीं की, बल्कि कई कीमती सामानों को भी नष्ट कर दिया। तोशक को बाथरूम में फेंक दिया गया और कपड़ों को भी नुकसान पहुंचाया गया। सत्येंद्र ने मामले की रिपोर्ट रांची के रातू थाने में दर्ज करवाई है। रातू थाना प्रभारी रामनारायण ने बताया कि चोरी के मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है।

विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

रांची: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज कांके विधानसभा क्षेत्र के पिठौरिया मंडल में विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, निवर्तमान विधायक सामरी लाल , कांके भाजपा प्रत्याशी ्जीतू चरण राम् सहित कई पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

झारखंड-बंगाल सीमा के फरीदपुर चेक पोस्ट से 4 लाख से अधिक जब्त

बरहरवा (साहिबगंज): झारखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य से सटी सीमाओं पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। धनबल और किसी प्रकार के हथियार की सप्लाई न हो पाए, इसके लिए सीमावर्ती चेक पोस्ट्स पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। फरीदपुर सीमा पर बने चेक पोस्ट पर वाहन जांच में मिले रुपएः इसी क्रम में गुरुवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल के बरहरवा स्थित फरीदपुर सीमा पर बने चेकपोस्ट से 4 लाख रुपए से अधिक बरामद किए गए हैं। वाहन जांच के दौरान यह राशि बरामद हुई।

बंगाल की ओर से झारखंड में प्रवेश कर रहा था वाहनः फरीदपुर चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट नुरुल इस्लाम और बरहरवा थाना के एएसआई रामप्रवेश दास वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच, पश्चिम बंगाल की ओर से आ रहे यात्री वाहन मैजिक की जांच की गई। जांच में वाहन में 4 लाख रुपए मिले। रुपए का कोई प्रमाण नहीं दे पाया हल्दीबाड़ी का युवकः जांच कर रहे अधिकारियों ने वाहन के चालक से उससे संबंधित दस्तावेज मांगे। वह कोई भी प्रमाण देने में विफल रहा। इसके बाद मालदा जिले के हल्दीबाड़ी निवासी नूर इस्लाम के पास जो भी रुपए थे, उसे जब्त कर लिया गया।

रूठे को मनाने का सिलसिला जारी रिजवान ने छोड़ी जयराम की पार्टी

रांची : दीपावली के दिन भी राजनीतिक कशमकश जारी रहा। एक ओर भाजपा नाराज नेताओं को मनाने में जुटी है। वहीं चुनाव में बड़े बदलाव की बात करने वाले जयराम महतो की पार्टी के उम्मीदवार ने ही किनारा कर लिया है। भाजपा के बागी नेता सत्यानंद झा को मनाने असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा उनके घर पहुंचे। हिमंता ने सत्यानंद झा से टिकट नामांकन वापस लेने का आग्रह किया। साथ ही पार्टी में तवज्जों देने की भी बात कही। बताते चलें कि टिकट नहीं मिलने के बाद सत्यानंद झा नाराज हो गये थे। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया था। रिजवान ने जेएलकेएम को कहा बाय-बायः जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के उम्मीदवार अकिल अख्तर उर्फ रिजवान ने पार्टी से किनारा कर लिया है। रिजवान को गांडेय से उम्मीदवार बनाया गया था। अब उन्होंने हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झामुमो का दामन थाम लिया है। वे अब गांडेय ने अपना नामांकन वापस लेंगे। इससे पहले जयराम की पार्टी से हजारीबाग से उम्मीदवार रहे संजय मेहता ने किनारा किया था।

जीवन में उमंग और उत्साह का संचार करती है दीपावली: सुनील सिंह

मेट्रो रेज

रांची: राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने रांची स्थित अपने आवास रातु, सिमलिया में पत्नी समाजसेवी रूबी सिंह के साथ दीपावली की त्यौहार हर्सोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिवाली जिसे संपूर्ण विश्व में प्रकाश के त्योहार के रूप में जाना जाता है। बुराई पर अच्छाई की, अंधकार पर प्रकाश की, तथा अज्ञान पर ज्ञान की विजय का त्यौहार है। आज के दिन घरों में रोशनी न केवल सजावट के लिए होती है ,अपितु यह जीवन कथा सत्य को भी अभिव्यक्त करती है। प्रकाश अंधकार को मिटा देता है, और जब ज्ञान के प्रकाश से आपके अंदर का अंधकार मिट जाता है, आप में अच्छाई बुराई पर विजय प्राप्त कर लेती है। दिवाली मुख्ता प्रत्येक हृदय में ज्ञान के प्रकाश को प्रज्वलित करने के लिए मनाई जाती है। प्रत्येक घर में जीवन मुख पर मुस्कान लाने के लिए मनाई जाती है। दिवाली शब्द

दीपावली का लघु रूप है, जिसका शाब्दिक अर्थ है प्रकाश की पंक्ति। उन्होंने कहा कि पुराने मान्यताओं के अनुसार दीपावली मूलतः बच्चों का त्योहार माना जाता है। इस दिन यक्ष अपने राजा कुबेर के साथ मां लक्ष्मी की पूजन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि राजा कुबेर अपने धन समृद्धि को अक्षुण्ण रखने के लिए माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्र मंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध इसी दिन किया था। रामचंद्र जी के वनवास से लौटने के बाद अयोध्यावासियों ने दीप प्रज्वलित करके खुशियां मनाई थी। भगवान विष्णु ने इसी दिन राजा बलि से देवताओं एवं लक्ष्मी जी को स्वतंत्र कराया था तभी से यह त्यौहार मनाया जाता है। दीपावली से दो दिन पूर्व धनतेरस का त्यौहार आता है। धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि का पूजन किया जाता है। इस दिन वैदिक देवता यमराज का पूजन भी किया जाता है। नरक चतुर्दशी को मां घुमावती जो अलक्ष्मी का प्रतीक है की पूजा करके उन्हें विदाई दी जाती है। दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। इस दिन भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के कोप से बचाया था। कृषक वर्ग के लिए इस पर्व का विशेष महत्व है खरीफ की फसल पैक कर तैयार हो जाने से कृषकों के खलिहान समृद्ध हो जाते हैं इसलिए कृषक समाज अपनी समृद्धि का यह पर्व उल्लास पूर्वक मानता है। कहा की दीपावली पर अपने घर के सफाई के साथ-साथ अपने मन की भी सफाई करें। साल भर के जितने अहंकार, द्वेष, ईर्ष्या मन में समाए हैं, उन्हें घर के कचरे के साथ बाहर फेंक कर अपने मन को स्वच्छ उज्जवल व धवल कर लें, उसे दीपमालाओं की तरह चमकने दें। अपने पर्यावरण को गंदगी से मुक्त करें। घर के साथ-साथ अपने आसपास के वातावरण को भी साफ रखकर स्वच्छ भारत मिशन में अपना योगदान दें। गरीब, असहाय अपंग एवं वृद्धजनों के साथ बैठकर उनके मन के निराशा के अंधेरों को प्रकाश के दीपक में परिवर्तित करने का प्रयास करें। पटाखों से वातावरण प्रदूषित होता है एवं आर्थिक हानि भी होती है अतः पटाखे ना छोड़े एवं उतनी राशि की मिठाई लेकर गरीब बच्चों में बांट दें। अलक्ष्मी के आने से घर में दरिद्रता आती है। जुए के पैसे अलक्ष्मी का रूप होते हैं आप हारें या जीतें, दोनों स्थितियों में आप अलक्ष्मी के शिकार बनेंगे। दीपावली संबंधों को बेहतर करने का त्यौहार है। इस बहाने संबंधों को संजीव करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। इस त्यौहार की सकारात्मक ऊर्जा है जो आम और खास का भेदभाव नहीं करती। सही मायनों में खुशी का संपन्नता व विपण्णता से सीधा रिश्ता रिश्ता है भी नहीं, एक मनस्थित है। कोई करोड़पति भी खुश नहीं है, तो कोई फकीर भी मस्त है। अर्थात इस पर्व को मनाने की सार्थकता तभी है जब हम इस त्यौहार के मर्म को पहचाने। हम सभी के प्रयास यही हों कि दीपावली के माध्यम से सामाजिक समरसता पैदा की जा सके, आपसी द्वेष को दूर किया जाए, बुराइयां मिटाया जाए, खुशियों को बांटा जाए।

सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

पर्व का बाजारीकरण न करें

दीप-पर्व, प्रकाश महोत्सव का दौर है। उल्लास, आह्लाद, जगमगाहट का दौर दीपावली तक ही सीमित नहीं है। उसके बाद भी दीपक जलते रहते हैं। घर, दुकान, बाजार, मुहल्ले और परिवेश प्रकाशमय रहते हैं। अमीर हो या गरीब हो, समाज के सभी वर्ग प्रसन्न दिखते हैं और आपस में मंगल कामनाएं पेश करते हैं। दीप-पर्व के पांचों त्योहार सिर्फ हिंदुओं या सनातन तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रभु राम सभी के मयार्दा पुरुषोत्तम हैं, सभी के आदरणीय हैं, अधिकांश के आराध्य भी हैं। चूंकि आज के दिन प्रभु श्रीराम, धर्मपत्नी सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ, 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे, लिहाजा वहां के लोगों ने हर्षोल्लास में दीये प्रज्वलित किए थे। अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया था। आज उन्हीं भावनाओं को जीवंत रहने दें। प्रभु का आत्मा और भाव के साथ स्वागत करने दें। इतिहास और संदर्भों का व्यापारीकरण न करें। धनतेरस इस दौर का बेहद महत्वपूर्ण पर्व था। उसी का उदाहरण लेते हैं। जब सुर-असुरों के बीच सागर-मंथन किया गया था, तब भगवान धन्वंतरि भी प्रकट हुए थे। उनके चारों हाथों में-आयुर्वेद की पुस्तक, शंख, जड़ी-बूटी, अमृत कलश-धारण किए हुए थे। धन्वंतरि को स्वास्थ्य का देवता और आयुर्वेद का जनक माना गया। उन्हें देवताओं का डॉक्टर भी कहा गया। धनतेरस उन्हीं स्वास्थ्य-देव की स्मृति में मनाया जाता है। इसे आयुर्वेद दिवस भी कहते हैं और 150 से ज्यादा देशों में इसी रूप में यह मनाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह जानकारी देश के साथ साझा की है। दरअसल धन्वंतरि का अर्थ है-कष्टों का विनाश करने वाला। चूंकि धन्वंतरि और धनतेरस में धन शब्द जुड़ा है, लिहाजा कर्मकांडी पंडितों और बाजार ने इस अर्थ का ही अनर्थ कर दिया है। स्वास्थ्य पर्व, धन्वंतरि पर्व होने के बजाय धनतेरस को खरीददारी का दिन बना दिया गया। इस साल धनतेरस के दिन 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की खरीददारी की गई। करीब 20,000 करोड़ रुपए का सोना और 2500 करोड़ रुपए की चांदी खरीदी गई। इनके सिक्के भी खरीदे गए। करीब 100 करोड़ रुपए के नए बर्तन खरीदे गए। पंडितों और बाजार के एक वर्ग ने धनतेरस वाले दिन नई चीज की खरीद को सौभाग्यशाली प्रचारित किया, बड़े-बड़े गूढ़ मंत्र पढकर आम आदमी को भ्रमित किया। जेवरात के अलावा, कार, बाइक, जमीन के टुकड़े की भी खरीददारी की गई। बेचारा गरीब या सामान्य वर्ग क्या करे, क्योंकि उसके पास तो धन नहीं है? क्या उसका धनतेरसबेमानी रहेगा या दैवीय शक्तियां स्वीकार नहीं करेंगी? बहरहाल भगवान धन्वंतरि और स्वास्थ्य महज प्रतीक बन कर रह गए। जिस देश में टाइप-2 मधुमेह के 10 करोड़ मरीज हों, करीब 22 करोड़ लोग हाइपर टेंशन, उच्च रक्तचाप के शिकार हों, साल में औसतन 35 लाख लोग हृदय रोग से मर जाते हों, उस देश में धनतेरस को धन, वैभव, खरीददारी, सम्पन्नता के भ्रम का पर्व मान लिया गया और उसी भावना से मनाया गया। यही नहीं, लाखों लोगों ने ऑनलाइन भोजन के ऑर्डर दिए और घर की रसोई की छुट्टी कर दी। क्या पर्व के दिन ऐसा भी होता है? हम धन-धान्य, पैसा कमाने, सोने-चांदी के जेवरात या अन्य उपकरण खरीदने, कार-बाइक खरीदने के खिलाफ नहीं हैं। धनवान बनना कोई अपराध या पाप नहीं है, लेकिन जरा यह तो सोचिए कि उस धन, वैभव का उपभोग आप कैसे करेंगे? आप तो बीमार हैं। आपको प्रभु धन्वंतरि के ज्ञान की जरा-सी भी चिंता नहीं है। इसी तरह दीपावली का बाजारीकरण हो रहा है। बेशक यह देश की भौतिक प्रगति का भी स्पष्ट संकेत है कि हमारे बाजार और उपभोक्ता बेहद सक्रिय हैं। औसत मांग बढ़ रही है, तो उत्पादन भी बढ़ रहे हैं, अर्थव्यवस्था विस्तार पा रही है, लेकिन पर्वों के पीछे जो आस्थामयी कहानियां हैं, कमोबेश उनको खारिज नहीं किया जा सकता। धर्म हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक हिस्सा हैं और प्रभु राम इसके विराट चेहरा हैं। यदि दीपावली का मनोरथ प्रभु राम में ही निहित है, तो बनावटी बाजार के कोई मायने नहीं हैं। यह भूलना नहीं चाहिए कि विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत आज भी औसतन गरीब देश है। आज संदर्भ हमारे पवित्र पर्वों का है। कृपया उनके अर्थ और मनोरथ को विकृत मत कीजिए। दिवाली का पर्व इस तरह मनाया जाना चाहिए कि प्रदूषण न फैले। दिल्ली पहले ही प्रदूषण के कारण काफी बदनाम है। अन्य शहरों में भी दिवाली के दिनों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। अगर हम पटाखे नहीं चलाएंगे, दिवाली तो फिर भी मनाई जा सकती है। पटाखों पर खर्च किए जाने वाले पैसे किसी गरीब की मदद कर सकते हैं।

बढ़ता साइबर क्राइम

साइबर अपराधियों और जालसाजों का खौफ इतना बढ़ चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी मन की बात में इसका जिक्र करना पड़ा। प्रधानमंत्री को देश की चिंताओं के साथ अपने सरोकार साझा करने पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी घटनाओं से डरना नहीं है, क्योंकि यह सब कुछ फजीर्वाड़ा है। प्रधानमंत्री ने एक मूल मंत्र का सुझाव भी दिया है कि जब भी कोई ऐसी कॉल आए और आपको डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की जाए, तो आपको यह करना चाहिए- रुको, सोचो और फिर एक्शन लो। किसी भी प्रधानमंत्री ने पहली बार देश को स्पष्ट किया है कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, पुलिस आदि सरकारी एजेंसियां फोन पर गिरफ्तारी की धमकियां नहीं देती हैं और न ही यह उनकी कार्यप्रणाली है। यदि कोई अपराध हुआ है, तो उसकी जांच करने और दंड देने की कार्यप्रणालियां तय हैं। दरअसल देश का आम आदमी इन सरकारी एजेंसियों की प्रक्रिया नहीं जानता और उनसे खौफ खाता है, लिहाजा उनकी आड़ में जालसाज लूट रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आश्वस्त भी किया है कि सरकार साइबर अपराध, जालसाजी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने जा रही है। एजेंसियों ने अपने काम आरंभ भी कर दिए हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री के इस सरोकार का अपना ही महत्व है, क्योंकि यह जालसाजी और डिजिटल अरेस्ट किसी महामारी की तरह फैल रही है। साइबर अपराधियों ने किसी उद्योगपति से 7 करोड़ रुपए लूट लिए, तो एक सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी प्रोफेसर को 75 लाख रुपए किसी अनाम बैंक खाते में ट्रांसफर करने को विवश कर दिया। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में किसी से 19 लाख रुपए लूट लिए और जालसाज ने खुद को मुबई फाइनेंशियल टास्क फोर्स का सदस्य बताया। साइबर अपराधियों ने हर रोज अखबार बेचने वाले को भी नहीं बख्शा और उसके खाते से 1 लाख रुपए झटक लिए। दरअसल यह जालसाजी और लूटने की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी है। ये अपराधी पढ़े-लिखे इंजीनियर नहीं, बल्कि बेहद औसत किस्म के होते हैं, लेकिन वे साइबर अपराध के पक्के खिलाड़ी हैं। हरेक जालसाजी में एक पुलिसवाला होता है, जिसकी वर्दी नकली होती है। उसके अलावा, सीआई, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स, कभी-कभार रिजर्व बैंक आदि का प्रतिनिधि भी बताते हैं। नकली सर्वोच्च अदालत भी दिखा दी जाती है और फर्जी वारंट भी पेश कर दिया जाता है। वीडियो कॉल पर बात करते हुए अपराधी बार-बार कहते हैं कि पास में कोई तीसरा आदमी नहीं होना चाहिए। कभी-कभार पुलिसिया रौब भी दिखाते हैं। जालसाज इतना मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं कि डिजिटल अरेस्ट वाला व्यक्ति,अंततः, पैसा ट्रांसफर करने को विवश हो जाता है। ये अपराधी अपने नकारात्मक हुनर में इतने सिद्धहस्त होते हैं कि किसी के बेटा, बेटी या अन्य परिजन की आवाज क्लोन करके भी सुना देते हैं। आप उस आवाज को ही असली मान कर समझौता करने को तैयार हो जाते हैं।

भ्रष्टाचार-महंगाई रोकने के उपाय

> आज की महिलाएं, परिवारों के बच्चे यह संकल्प कर लें कि पिता, पति अथवा पुत्र द्वारा अनुचित साधनों से कमाया, घर लाया धन स्वीकार नहीं करेंगे तो अधिकतर लोग रिश्वत के मोह से बचेंगे और अपने देश को दीमक की तरह खा रही यह भ्रष्टाचार की बीमारी नियंत्रण में आ जाएगी। वैसे भी होना यह चाहिए कि जो अधिकारी या कर्मचारी, महिला या पुरुष कोई भी हो, अनैतिक साधनों से धन कमा कर लाता है, अगर उसका परिवार इस धन संपत्ति को स्वीकार कर ले तो उसे भी अपराधी घोषित किया जाना चाहिए। कुछ वर्ष पहले ही दिल्ली की एक अदालत ने रिश्वत लेने वाले अधिकारी की पत्नी को रिश्वत लेने के आरोप में दंडित किया था।

लक्ष्मी कांता

भ्रष्टाचार और महंगाई दो ऐसे सुरसा के खुले मुंह जैसे रोग हैं जो देश में बढ़ते ही जा रहे हैं और हर सरकार यह घोषणा करती है कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन देगी और महंगाई नियंत्रित करेगी, पर जिस देश में आधे से ज्यादा सांसद, विधायक दागी हों, अरबपति हों और नोट देकर वोट खरीदते हों, वहां भ्रष्टाचार समाप्त करने की बात दिवास्वप्न जैसी ही लगती है। सबसे पहला भ्रष्टाचार तो वहां शुरू हो जाता है जहां चुनाव लड़ने वाले जो विवरण चुनावी खर्च का देते हैं, उसे 99 प्रतिशत प्रत्याशियों का चुनाव आयोग स्वीकार कर लेता है। कौन नहीं जानता कि धन बल, बाहुबल और शराब की नदियां बहाकर अधिकतर चुनावी संग्राम जीते जाते हैं। जीतने वाले और हारने वाले दोनों इन्हीं शस्त्रों का सहारा लेते हैं, पर पूरे देश में न महंगाई नियंत्रण में हुई और न भ्रष्टाचार। यह ठीक है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भ्रष्टाचार नियंत्रण करने की बात कही थी और उन्होंने अपने समय में विधायक समेत कई प्रमुख लोगों को जेल में भिजवाया। आईएएस, आईपीएस तक के अधिकारी पकड़े गए और अभी कुछ दिन पूर्व ही पंजाब के मुक्तसर के एडीसी भी सलाखों के पीछे पहुंच गए। मेरा यह मानना है कि जो भी नेता या अधिकारी अनुचित अवैध साधनों से कमाया धन घर लाता है, उसके परिवार को, बच्चों को, पत्नी को उसकी पूरी जानकारी होती है, क्योंकि उसी धन के बल पर वे आकाश पर उड़ते हैं और देश-दुनिया घूमते हैं।

वैसे यह हर दिन का समाचार है कि पुलिस के कनिष्ठ, वरिष्ठ बहुत से कर्मचारी पकड़े गए। नागरिक प्रशासन के लोग भी पकड़े गए और सत्ता पक्ष के कुछ कार्यकर्ता भी जो रिश्वत मांगते या बिचौलिये का काम करते थे, पकड़ लिए। यह भ्रष्टाचार को नकेल डालने का एक स्वस्थ प्रयास है। वैसे रिश्वत लेने वाले कुछ ज्यादा ही हिम्मत रखते हैं। यह देखने के बाद भी कि रिश्वत लेने वाले पकड़े गए, अपमानित हुए, जेलों में भेजे गए और उनके रिटायरमेंट के सारे लाभ खत्म हो रहे हैं, फिर भी वे हिम्मत करके रिश्वत ले ही लेते हैं, लेकिन यह मानना पड़ेगा कि जब तक नैतिक मूल्यों की समाज में ज्यादा मान्यता नहीं होती, दंड से ही भ्रष्टाचार रोकना होगा। लड़ाई अभी बहुत लंबी है, पर इसके लिए एक काम तो करना ही पड़ेगा, वह है परिवार का रिश्वत के पैसे को नकार देना। मैं यह विश्वास रखती हूं कि अगर परिवार की महिलाएं, माता, पत्नी, बेटियां अपने पति-पिता-पुत्र को यह सख्ती से समझा दें कि घर में मेहनत की कमाई आएगी, रिश्वत की नहीं, तब बहुत अंतर पड़ सकता है, पर अब तो महिला अधिकारी भी रिश्वत लेने में संकोच नहीं करतीं। इसलिए यह परिवार के किशोर और युवा बच्चों को निर्णय लेना होगा कि उन्हें पिता की रिश्वत की कमाई से सुख सुविधाएं चाहिए या पिता का सम्मान और मेहनत की रोटी चाहिए। जिस दिन बच्चे पिता द्वारा आमदनी से अधिक लाया धन, उपहार और अन्य सुविधाएं पूरी तरह से नकार देंगे तब एक बहुत बड़ा परिवर्तन समाज में देखने को मिलेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। वैसे महिलाएं भी बहुत कुछ बदल सकती हैं। मैंने बार-बार यह लिखा है व समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि अगर देश की महिलाएं और परिवार के बच्चे यह तय कर लें कि वे सीमित साधनों में ही अपना गुजर बसर कर लेंगे तो रिश्वत लेने-देने की बीमारी काफी कम हो जाएगी। मेरा यह भी मानना है कि अगर विवाह शादियों पर भारी खर्च और अमीरी का प्रदर्शन बंद हो जाए तब भी कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार से दूर रहेंगे जो यह तर्क देते हैं कि बच्चों की शादी के कारण उन्हें अनुचित साधनों से धन कमाना पड़ता है। राजस्थान के इतिहास में महारानी महामाया का बहुत सुंदर उदाहरण मिलता है। जब उसने यह तय कर लिया कि युद्ध में पीठ दिखा कर आए पति को किले में प्रवेश नहीं करने देगी और पति को यह आदेश सुना दिया कि उसका स्वागत होगा, पर जब वह विजयी अथवा रण क्षेत्र में शहीद होकर आएगा। इसका पूरा असर हुआ और पूरी शक्ति से शत्रुओं से जूझते हुए महाराजा जसवंत सिंह विजयी होकर वापस आए। इसी प्रकार अगर आज की महिलाएं, परिवारों के बच्चे यह संकल्प कर लें कि पिता, पति अथवा पुत्र द्वारा अनुचित साधनों से कमाया, घर लाया धन स्वीकार नहीं करेंगे तो अधिकतर लोग रिश्वत के मोह से बचेंगे और अपने देश को दीमक की तरह खा रही यह भ्रष्टाचार की बीमारी नियंत्रण में आ जाएगी। वैसे भी होना यह चाहिए कि जो अधिकारी या कर्मचारी, महिला या पुरुष कोई भी हो, अनैतिक साधनों से धन कमा कर लाता है, अगर उसका परिवार इस धन संपत्ति को स्वीकार कर ले तो उसे भी अपराधी घोषित किया जाना चाहिए। कुछ वर्ष पहले ही दिल्ली की एक अदालत ने रिश्वत लेने वाले अधिकारी की पत्नी को रिश्वत लेने के आरोप में दंडित किया था। भारतीय दंड संहिता की धारा 379, 380, जो अब बदल गई, के अंतर्गत चोरी का अपराध करने वाले को सजा होती है, पर साथ ही जो व्यक्ति जानते हुए भी कि वह जो वस्तु या धन संपत्ति स्वीकार कर रहा है चोरी का माल है, उसे भी भारतीय दंड संहिता की धारा 411 (पुरानी) के अंतर्गत गिरफ्तार करके सजा दिलवाई जाती है। अब इसका सीधा अर्थ यह है कि जो परिवार पति या परिवार के मुखिया द्वारा रिश्वत के रूप में लाई हुई धन संपत्ति को स्वीकार करता है उसे भी सलाखों के पीछे होना ही चाहिए। अगर इस धारा का सख्ती से पालन किया जाए तो बहुत से परिजन अपने परिवार के मुखिया को भ्रष्ट साधनों से धन कमाने से रोक लेंगे। एक पटवारी या एक डॉक्टर या एक वरिष्ठ अधिकारी पकड़ में आ गया तो यह नहीं समझ लेना चाहिए कि रिश्वतखोरों पर नकेल कसी गई। जब तक इस देश के चुनाव लड़ने वाले नेताओं के परोक्ष धन स्त्रोतों का पता लगा कर सब कुछ पकड़ा नहीं जाएगा, तब तक प्रशासनिक क्षेत्र से भी रिश्वत बंद नहीं हो सकती। जब तक ट्रांसफर करवाने और मनचाहे पदों पर नियुक्ति पाने के लिए इस देश और समाज में चांदी के पहियों का सहारा लिया जाएगा, तब तक कुछ वरिष्ठ अथवा कनिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार करके पीठ थपथपाने वाली सरकारी मशीनरी कभी भी इस बुराई को दूर नहीं कर सकती। जिस देश में डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए भी लोगों को प्राइवेट कॉलेजों में अब मोटी रकम का चढ़ावा करके प्रवेश मिलता है, वहां नैतिकता का पाठ पढ़ाने का साहस भी कौन करेगा? हम आशा यह रखते हैं कि डॉक्टर भगवान का रूप बन जाएं, इंजीनियर मजबूत निमार्ता बनें, पर कोई सरकार उस तंत्र के लिए मुंह खोलने को भी तैयार नहीं जिसमें डॉक्टर और इंजीनियर बनने से पहले प्रवेश के लिए ही अब तो करोड़ रुपए से भी ज्यादा देना पड़ता है।

ठगी का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट

> सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी से अप्रैल तक भारतीयों को डिजिटल अरेस्ट के जरिए की गई धोखाधड़ी से 120.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस साइबर फ्रॉड के आका दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों म्यांमार, लाओस और कंबोडिया में बैठे हैं। लेकिन इन पर कठोर अंकुश के लिए हम कुछ खास नहीं कर पा रहे हैं। ऑनलाइन अपराधों की निगरानी करने वाला संस्थान भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (क्4उ) के अनुसार डिजिटल अरेस्ट अब डिजिटल धोखाधड़ी का एक आम तरीका बन गया है। क्4उ के अनुसार, साइबर घोटाले चार प्रकार के होते हैं - डिजिटल अरेस्ट, ट्रेडिंग घोटाला, निवेश घोटाला (कार्य आधारित) और रोमांस/डेटिंग घोटाला।

अजय बोकिल

साइबर अपराधों में नवीनतम तरीके डिजिटल अरेस्ट को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 अक्टूबर को मन की बात में जिक्र किया, इसी से समझा जाना चाहिए कि यह मामला कितना गंभीर हो चुका है। साइबर ठग अब पढ़े लिखे लोगों को भी अपने भावनात्मक और फर्जी आधिकारिक जाल में फंसाकर उनकी पसीने की गाढ़ी कमाई को एक झटके में लूट रहे हैं।

इस पूरी लूट का चिंताजनक पक्ष यह है कि डिजिटल अरेस्ट का शिकार ज्यादातर वो लोग हो रहे हैं, जो बुजुर्ग हैं और आमतौर पर कानून और व्यवस्था का सम्मान करने वाले हैं। ये अभी भी मानते हैं कि नियम कायदे, सरकारी दस्तावेज और आधिकारिक संस्थाएं फर्जी नहीं हो सकतीं।

दुर्भाग्य से इसी सकारात्मक सोच का नाजायज फायदा साइबर अपराधी धड़ल्ले से उठा रहे हैं। इसका एक कारण भारत में साइबर अपराध को रोकने तथा निजी डाटा सुरक्षा कानूनों का बहुत सख्त न होना है। डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के आंकड़े: सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी से अप्रैल तक भारतीयों को डिजिटल अरेस्ट के जरिए की गई धोखाधड़ी से 120.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस साइबर फ्रॉड के आका दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों म्यांमार, लाओस और कंबोडिया में बैठे हैं। लेकिन इन पर कठोर अंकुश के लिए हम कुछ खास नहीं कर पा रहे हैं। ऑनलाइन अपराधों की निगरानी करने वाला संस्थान भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (क्4उ) के अनुसार डिजिटल अरेस्ट अब डिजिटल धोखाधड़ी का एक आम तरीका बन गया है। क्4उ के अनुसार, साइबर घोटाले चार प्रकार के होते हैं - डिजिटल अरेस्ट, ट्रेडिंग घोटाला, निवेश घोटाला (कार्य आधारित) और रोमांस/डेटिंग घोटाला। इनमें भी सबसे नया और मनोवैज्ञानिक भयादोहन का तरीका डिजिटल अरेस्ट है। साइबर अपराधी आपकी कोई निजी जानकारी हासिल कर या कोई झूठे मामले का जिक्र कर आपको इस बुरी तरह से ब्लैकमेल करते हैं कि आप अपनी सहज विवेक शक्ति भी भुला बैठते हैं। मनुष्य के मन पर कब्जा इस अपराध का सबसे प्रबल पक्ष है।

अपराधी अपनाते हैं ये तरीका : डिजिटल अरेस्ट करने के लिए आपको अचानक ही एक फोन कॉल आएगा। जिसमें कॉलर बताएगा कि आपने अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या अन्य प्रतिबंधित पार्सल भेजा था या आपको यह मिला है यानी आपने इसे रिसीव किया है। कई बार आपको टारगेट करने के लिए यह फोन कॉल आपके रिश्तेदारों या दोस्तों को भी जा सकती है, जिन्हें बताया जाएगा कि आपके दोस्त या आपके रिश्तेदार ऐसे अपराध में शामिल हैं। आपको जैसे ही दोस्त या रिश्तेदार से यह सूचना मिलेगी, आप घबरा जायेंगे। एक बार टारगेट सेट करने के बाद अपराधी आपको स्काइप या किसी अन्य वीडियो कॉलिंग सिस्टम से आपसे संपर्क करेंगे। वो खुद को कानूनी अधिकारी, पुलिस या किसी जांच एजेंसी के अधिकारी के रूप में पेश करेंगे। सरकारी वर्दी में भी दिखेंगे। वीडियो कॉल में आप उन्हें किसी फर्जी पुलिस स्टेशन या सरकारी कार्यालय में बैठे दिखेंगे ताकि आपको विश्वास हो जाए। आपसे वो ₹समझौता₹ करने या ₹मामले को बंद करने₹ के लिए पैसे मांगेंगे, लेकिन पैसे तभी मांगे जाएंगे, जब आप मजबूर हो चुके होंगे।

I4C ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डेटा और कुछ ओपन-सोर्स जानकारी का विश्लेषण करने के बाद पाया कि ज्यादातर फोन कॉल म्यांमार, लाओस और कंबोडिया से की जा रही हैं। या फिर वहां से वीपीएन के जरिए भारत में ही बैठकर इसे अंजाम दिया जा रहा है। इस धंधे में कई भारतीय भी लगे हैं, जिन्हें विदेशी कंपनियों में रोजगार के नाम पर साइबर गुलाम बना लिया जाता है।

दरअसल भारत में साइबर अपराध को पकड़ने और ऐसे अपराधियों को सजा दिलवाने में भारतीय पुलिस और जांच एजेंसियां बहुत सक्षम नहीं हैं, क्योंकि बीते दो दशको में देश में डिजिटलीकरण तो बहुत तेजी से किया गया, लेकिन साइबर सुरक्षा को लेकर खास चिंता नहीं की गई। यानी इसके राजनीतिक, सामाजिक लाभों पर तो हमारी नजर थी, लेकिन सारी चीजें ऑनलाइन होने के बाद हमारी निजता की रक्षा के बारे में ज्यादा कुछ नहीं सोचा गया। इसी का नतीजा है कि आज हम डिजिटलीकरण के दुष्परिणामों को भी उसी शिद्दत से भोग रहे हैं। भारत के विपरीत जिन देशों में डिजिटलीकरण हुआ, वहां डाटा सुरक्षा और साइबर फ्रॉड रोकने के उपाय भी समांतर रूप से किए गए। हमारे यहां न तो इसके लिए पुलिस समुचित रूप से प्रशिक्षित है और न ही जांच एजेंसियां उतनी अपडेट हैं। आलम यह है कि साइबर अपराधी पुलिस और जांच एजेंसियों से दस गुना आगे हैं। आप कह सकते हैं कि इस देश में जब फर्जी पीएमओ अधिकारी, फर्जी बैंक ब्रांच और नकली अदालत धड़ल्ले से चल सकती हो तो डिजिटल अरेस्ट हमारी नियति ही है।

हालांकि देश में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों के चलते कुछ साइबर अपराध थाने खोले गए हैं, जो नाकाफी हैं। इस बीच केन्द्र सरकार ने देश में 5 हजार साइबर कमांडो की भर्ती का ऐलान किया है, जिनमें से 1 हजार की ट्रेनिंग शुरू भी हो चुकी है लेकिन यह भी बढ़ते साइबर अपराधों के मुकाबले अपर्याप्त है। हैरानी की बात यह है कि लगातर बढ़ते साइबर अपराधों के साथ-साथ देश में साइबर अपराधों के अड्डे भी बढ़ते जा रहे हैं और सुरक्षा एजेंसियां उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही हैं। यहां बुलडोजर से किसी आरोपी का घर ढहाया जा सकता है, लेकिन साइबर क्राइम लिप्त पूरे गांव पर कोई कार्रवाई नहीं होती। आज देश के 9 राज्यों के कई दर्जन गांव ऐसे हैं, जहां से खुले आम साइबर अपराधों को संचालित किया जा रहा है। अकेले झारखंड में 42 ऐसे गांव हैं, जहां साइबर ठगी लोगों की आय का मुख्य साधन बन चुका है। घर बैठे लूट की यह कमाई बेरोजगार युवाओं और गरीबों को इस कदर आकर्षित कर रही है कि वो दूसरा कामों में मेहनत करने की जगह एक लैपटॉप और फोन के जरिए लाखों की ठगी घर बैठे कर रहे हैं।

समस्याएं

चिंतन-मनन

वन में प्रति दिन आने वाली समस्याएं हर किसी को परेशान करती हैं। लेकिन क्या हमने समस्या का हल खोजने की कोशिश की है? जी हां समस्या का हल खोजने के लिए हमें सर्वप्रथम एक मानसिक तैयारी करनी पड़ती है। लेकिन प्रायः होता यह है कि हम समस्या का समाधान खोजने के लिए बाह्य व्यक्ति, वस्तु या परिस्थिति को आधार बनाकर ही कार्य शुरू करते हैं। इसके अतिरिक्त व्यक्ति अपने लक्ष्य की सफलता में आने वाली बाधाओं-समस्याओं को समझने की बजाय लोगों के साथ लड़ाई- झगड़े में उलझ जाता है। क्या यह सही समाधान है? समाधान ढूंढना है तो पहले अपने भीतर ढूंढना चाहिए। अपनी मानसिक स्थिति को मजबूत बनाना चाहिए। अपनी कमियों और क्षतियों को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए। लेकिन यह इतना आसन नहीं है, इसके लिए बड़ा साहस चाहिए। जी हां, साहस! अपने भीतर झांकने का, अपनी कमजोरियों से मुक्ति पाने का, अपनी संवेदनाओं को नियंत्रित करने का! इसी साहस को जगाने के लिए भगवान कृष्ण अर्जुन से कहते हैं,उत्तिष्ठ कौन्तेय'! यह केवल बाह्य शत्रुओं के सामने खड़े होने का ऐलान नहीं था। भगवान कृष्ण ने अर्जुन को इससे पूर्व बार-बार अपने भीतर के आत्मतत्व को जगाने का उपदेश दिया है। अर्जुन भीतर से भयग्रस्त था। विषाद मन में था। इसीलिए भगवान कृष्ण ने उसे भीतर से झकझोरा था। हालांकि आज के अवसाद और निराशा के युग में बच्चेङ्क किशोर या वयस्क सभी वर्गों के लोग इस साहस के हिमखंडों पर चढ़ना भूल गए हैं। सच तो यह है कि हम इस प्रकार की शिक्षा को ही भूल गए हैं। किंतु महंत स्वामी महाराज समझाते हैं,,एक मजबूत मन कठिनाईओं को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सहायता करता है। जिससे समस्याओं का समाधान आसान हो जाता है। भीतर से आत्मविश्वास और संकल्प बढ़ता है जो न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि किसी भी कठिन परिस्थिति में धैर्य और समझदारी से निर्णय लेने में सहायक होता है।' जी हां, मानसिक शक्ति हमें अपने भय,असफलताओं और कमजोरियों को पार करने की क्षमता देती है, जिससे जीवन की चुनौतियां छोटी लगने लगती हैं।

आपके पत्र

सरदार पटेल का राष्ट्र को एकता का मंत्र

सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने हमें एकता का मंत्र दिया था, लेकिन अफसोस कि आज उनके देश में ही कुछ स्वार्थी, कुछ वोट बैंक के लोभी, तो कुछ धर्म के ठेकेदार देश की अनेकता में एकता की छवि को धूमिल कर रहे हैं। भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे, सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकता की भावना को बढ़ाने के रूप में भी मनाया जाता है, जोकि 31 अक्तूबर को होता है। सरदार पटेल ने देश को आजाद करवाने के साथ-साथ देश की एकता को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्होंने किसानों को उनका हक अंग्रेजों से दिलाने के लिए काम किए थे। देश को उनके दिखाए मार्ग पर चलना है। उनकी जयंती पर उन्हें नमन।

केसी शर्मा, रांची

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

गढ़वा में 20 और भवनाथपुर सीट पर 17 उम्मीदवार मैदान में, प्रशासन की तैयारी पूरी: डीसी

मेट्रो रेज संवाददाता

गढ़वा: जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद जिले की दोनों विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के बारे से जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि गढ़वा में 20 और भवनाथपुर में 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे. साथ ही उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत गढ़वा विधानसभा और भवनाथपुर विधानसभा में निर्वाचन कार्यक्रमों की भी जानकारी दी.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गढ़वा के दोनों विधानसभा सीटों के लिए प्रथम चरण में मतदान 13 नवंबर को होगा और मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है. उन्होंने बताया कि चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है, जिसमें निर्वाचन के कार्य

सुचारू रूप से चल रहा है.

यहां बनाया गया डिस्पैच और रिसीविंग सेंटर

गढ़वा डीसी ने बताया कि गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का डिस्पैच सेंटर श्रीसद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा में बनाया गया है, जबकि रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति गढ़वा में होगा.

दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 8,59,935 वोटर

डीसी ने बताया कि गढ़वा विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 19 हजार 614 है. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2,14,962 और महिला मतदाताओं की संख्या 2,04,652 है. वहीं भवनाथपुर विधानसभा में कुल मतदाता 4 लाख 40 हजार 321 हैं. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2,28,076 और महिला मतदाताओं की संख्या 2,12,245 है.

भयमुक्त चुनाव के लिए पुलिस प्रतिबद्ध: एसपी

वहीं इस दौरान गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि पुलिस प्रशासन भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है. आवश्यकता अनुसार और निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार पुलिस बल की डेप्लॉयमेंट किया गया है. उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की सहायता से हम सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी स्वच्छ वातावरण में मतदान सुनिश्चित कराएंगे.

इंटर स्टेट बॉर्डर पर पैनी नजर

एसपी ने बताया कि चुनाव के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड भी पूरी तरह से सक्रिय रहेगा. जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है. साथ ही जिले से सटे इंटर स्टेट बॉर्डर समेत अन्य स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं और पैनी नजर रखी जा रही है.

न्यूज ब्रीफ

बुधवरिया ग्राम एनएच रोड से देशी लोडेड कट्टा के साथ एक को गिरफ्तार

साहिबगंज/राजमहल : थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को सुबह एन०एच० रोड पर आते जाते लोगों को पिस्टल का भय दिखाकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र के कन्हैयास्थान निवासी संतोष मंडल पिता भगलु मंडल द्वारा बुधवारियां गाव में एन०एच०रोड पर आते जाते लोगों को पिस्टल का भय दिखाकर मारपीट और पैसा लूटपाट कर रहे थे।वही थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन कर बुधवरिया ग्राम एन०एच० रोड से देशी लोडेड कट्टा के साथ एक को गिरफ्तार किया गया,तत्पश्चात राजमहल थाना काण्ड सं0-184/24 के तहत पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है।अभियुक्त संतोष मंडल के विरुद्ध हत्या,आर्म्स एक्ट,लूटपाट जैसे दर्जनों काण्ड दर्ज हैं।ये लगभग 04 वर्षों से फिरार चल रहा था।वही छापामारी दल में शामिल थाना प्रभारी गुलाम सरवर के अलावे बिट्टु कुमार साह,ओम प्रकाश चौहान विक्रम सिंह,उपेन्द्र कुमार यादव,धिरेन्द्र कुमार,वीर सिंह महतो,महेन्द्र प्रसाद यादव,सुनिल कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक के द्वारा विभिन्न कोषांग के कार्यों की समीक्षा

साहिबगंज : विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य 3बरहेट अ0ज0जा0 सामान्य प्रेक्षक श्री मजीद खलील अहमद ड्राबु भ0प्र0से0 एवं व्यय प्रेक्षक श्री अनादि दीक्षित आईआरएस एस के अध्यक्षता में नया परिसदन भवन मे बैठक आहूत की गई।बैठक में सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु के द्वारा, निर्वाचन कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, समाग्री कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, वाहन कोषांग, स्वीप कोषांग, एमसीसी कोषांग के कायों के प्रगति के विषय में क्रमबद्ध रूप में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।मौके पर निवार्ची पदाधिकारी-सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का एवं अन्य उपस्थित थे।

प्रत्याशी एमटी राजा चुनावी दौरा में आज लालबथानी युवा कांग्रेस कार्यालय पहुंचा

साहिबगंज : राजमहल विधानसभा से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी एम टी राजा चुनावी दौरा में आज लालबथानी युवा कांग्रेस कार्यालय पहुंचा।वहीं युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने उन्हें बुके एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।वही एमटी राजा ने उपस्थित लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।मौके पर उपस्थित मखमलपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया इशहाक,पंचायत समिति तारिक अनवर,मो सिद्दीकी,मजारूल हक अब्दुल वाहिद,मुख्तार अहमद,लाल मोहम्मद,युसूफ अली तंजीर आलम,जहांगीर आलम,अब्दूर रहीम आदि उपस्थित रहे।

उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में बैज वितरण कार्यक्रम

लातेहार: विधानसभा चुनाव में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के नेतृत्व में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, सरयू में बैज वितरण कार्यक्रम किया गया। विद्यालय में स्वीप नोडल पदाधिकारी के द्वारा फर्स्ट टाइम वोटर्स को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने परिवार के अन्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को कहा गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मौकें पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्वीप टीम के कर्मी उपस्थित थे।

ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

पलामू : मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के सिंचाई विभाग के पास बाईपास रोड पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक साइकिल सवार मजदूर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चियांकी भीमगढ़ा के असगर हवारी के रूप में हुई है। घटना से नाराज होकर स्थानीय लोगों ने उग्र रूप धारण करते हुए शव को सड़क पर रखकर रास्ता जाम कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। यह हादसा न केवल एक जानलेवा घटना है, बल्कि सड़कों पर फैले अतिक्रमण का दुखद परिणाम भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अवैध रूप से दुकानें, ठेले और गुमटियाँ लगा दी जाती हैं, जिससे पैदल चलने वालों और साइकिल सवारों को मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ता है।

कई महत्वपूर्ण दायित्व है कार्मिक कोषांग के पास

लातेहार: निर्वाचन का हर कार्य महत्वपूर्ण होता है. चुनाव कार्य की तैयारी महीनों पहले से ही शुरू कर दी जाती है. हर एक कार्य के पदाधिकारी व कर्मियों को प्रशिक्षण देकर दक्ष किया जाता है. निर्वाचन के कार्यो को संपादित करने के लिए विभिन्न कोषांगों का गठन किया जाता है. इनमे से एक महत्वपूर्ण कोषांग है कार्मिक कोषांग. कार्मिक कोषांग के जिम्मे कई महत्वपूर्ण दायित्व होता है. आसन्न विधानसभा चुनाव में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर इस कोषांग का वरीय पदाधिकारी उपविकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह को बनाया गया है. इसके अलावा इस कोषांग में छह प्रभारी पदाधिकारी व सहायक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है. जबकि 13 अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति विभिन्न दायित्वों के निवर्हन के लिए किया गया है.

जिले में पदस्थापित राज्य व केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रमों, स्थानीय निकायों में पदस्थापित पदाधिकारी व कर्मियों की सूची प्राप्त कर पदवार उन्हें वगीर्कृत कर डाटाबेस तैयार करना इस कोषांग का एक महत्वपूर्ण दायित्व है.

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती सरदार पटेल की जयंती : प्रेम मंडल

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज : राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रि कुर्मी महासभा के जिला अध्यक्ष प्रेम मण्डल उर्फ मंटा मण्डल के नेतृत्व में पटेल चौक में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह,चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा,प्रवीर सिन्हा,रमन राय,कुणाल राय,चमक लाल मण्डल,बबलू सिन्हा,संजय पटेल सहित अन्य लोगो ने बारी बारी से सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया।मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेंम मंडल ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस भारत में हर साल 31अक्टूबर को मनाया जाता है।यह दिन भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री,सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने

के लिए समर्पित है।उन्होंने कहा कि सरदार पटेल को भारत के एकीकरण में उनके अहम योगदान के लिए याद किया जाता है।वही प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि हम सभी भारतीय हैं और हमें एक साथ मिलकर देश का निर्माण करना है।मौके पर अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिन्हा,जिला अध्यक्ष प्रेम मंडल,चन्दश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा,प्रवीर सिन्हा,रमन राय,कुणाल राय,चमक लाल मण्डल,बबलू सिन्हा,संजय पटेल,किशोर सिन्हा संजय सिंह,सतीश प्रसाद सिन्हा,किशोर सिन्हा,मनमेन्द्र राय,सुबोध सिंह,दयानन्द सिन्हा,सतनारायण सिन्हा,मिथलेश सिन्हा,शशि सिन्हा,अशोक सिन्हा सहित समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

अबकी बार पुन: गठबंधन की सरकार : बरकत खान

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/राजमहल : प्रखंड अंतर्गत कसवा पंचायत के इंगलिश ग्राम में प्रखण्ड अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की एक चुनावी सभा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य इस विधानसभा चुनाव को लेकर था।बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा की इस विधानसभा चुनाव में अपने महागठबंधन प्रत्याशी एम टी राजा को अधिक से अधिक संख्या में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजें ताकि हम लोगों की बात विधानसभा की आवाज बन सके।साथ ही यह कहा की पिछले महागठबंधन सरकार में जिस प्रकार पूरे

झारखंड में हर तबके के लोगों की भलाई के लिए कई योजनाओं फूलों झानो आशीर्वाद योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, अबुआ आवास ,किसानों का कर्ज माफी,बिजली बिल माफी योजना,200 यूनिट बिजली फ्री, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजनाको धरातल पर लाकर सभी लोगों के बीच लाभ पहुंचाने का काम किया है।ठीक उसी प्रकार इस चुनाव में जीत के बाद फिर से महागठबंधन की सरकार पिछले योजनाओं से भी बेहतर योजनाएं हम सभी को लाभ के रूप में देगी।मौके पर जिला सचिव खुर्शीद नाजरी, मुमताज अंसारी, महावीर मंडल, सुभाष दास, मनोहर दास,पिंटू कुमार शाह,शौकत शेख,सुशील हसदा,विनय कुमार शाह,बीरबल दास, ब्रह्मदेव ठाकुर,आरिफ अंसारी, जलकर हुसैन,सुदामा मंडल, बनवाली मंडल,अरुण शाह,पंकज कुमार कर्मकार,मिथुन मंडल,राजेश मंडल सहित सैकड़ो महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

स्क्रुटनी में दो उम्मीदवारों का नामांकन पत्र अस्वीकार

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज : विधानसभा चुनाव निर्वाचन- 2024 के परिपेक्ष्य 03-बरहेट अ0ज0जा0 विधानसभा क्षेत्र हेतु दाखिल हुए नामांकन पत्र की जॉच निवार्ची पदाधिकारी-सह- अपर समाहर्ता, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। तीन बरहेट अ0ज0जा0 विधानसभा क्षेत्र हेतु दिनांक 22 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक कुल 11 उम्मीदवारों के द्वारा 24 नामांकन पत्र दाखिल किए। तीन बरहेट अ0ज0जा0 निवार्ची पदाधिकारी गौतम भगत ,तीन बरहेट अ0ज0जा0 सामान्य प्रेक्षक माजिद खलिल अहमद डाबू एवं व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित के समक्ष सभी नामांकन पत्रों की गहनता पूर्वक जांच की गई।

नामांकन पत्रों की जांच में कुल 09 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र स्वीकृत किया गया एवं 02 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया ।निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन करने वाले अभ्यर्थी अजय कुमार हेंब्रम पिता- लोबिन हेंब्रम,निर्दलीय, उम्मीदवार व अभ्यर्थी सिमोन मालतो पिता- लामका सुंदर पहाड़िया, निर्दलीय का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया । नौ अभ्यर्थी जिनका नामांकन पत्र स्वीकार किया गया।अभ्यर्थी जोसेफ सोरेन, निर्दलीय उम्मीदवार ,अभ्यर्थी हेमंत सोरेन, पिता- शिबू सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा ,सेबास्टियन हेंब्रम पिता- स्व जोसेफ हेंब्रम, निर्दलीय उम्मीदवार, गमलियल हेंब्रम पिता- लखीराम हेंब्रम, भारतीय जनता पार्टी ,रानी हॉसदा, पिता- शिवनाथ टुडू, निर्दलीय उम्मीदवार

दिनेश सोरेन, पिता अमित सोरेन, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी

रोशनी मुर्मू, पति- सुनील मुर्मू, निर्दलीय उम्मीदवार

नथानियेल मालतो, पिता- स्व ममैसा मालतो, निर्दलीय उम्मीदवार ,थॉमस सोरेन पिता- पौल सोरेन, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का नामांकन फार्म स्वीकृत किया गया।

ग्रामीणों ने फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कराया बंद

लातेहार: चंदवा प्रखंड क्षेत्र के अमझरिया गांव में सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन बुधवार को पचास से अधिक की संख्या में पहुंचे लोगों ने इसे बंद करवा दिया। सड़क निर्माण के लिए कंपनी के लोग सड़क किनारे लगे इमारती पेड़ों को कटवा रहे थे। जिसका ग्राम प्रधान कइला गंझू ने विरोध किया। कइला ने कहा कि यहां के लोगों को मुआवजे का भुगतान नहीं हुआ है और ग्राम सभा की अनुमति भी नहीं ली गई है। यहां के निवासियों की सहमति भी नहीं ली गई है। बावजूद कंपनी ने काम शुरू कर दिया। कार्य करवा रहे कंपनी के सुपरवाइजर पेड़ कटवाने पर कहते हैं कि इस बारे में उच्च अधिकारी ही बता सकते हैं। मैं तो कंपनी का छोटा आदमी हूं। मौके पर सत्येन्द्र यादव, रामयश पाठक व दीपक गंझू समेत कई लोग मौजूद थे।

रक्तदान करने से शरीर को कोई हानि नहीं होता है : संतोष मोदी

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज : उमा अमृत फाउंडेशन सामाजिक कार्यों में हमेशा भाग लेते हैं।गरीबों को मुक्त भोजन करना,गर्मी के मौसम में बेजुबान जानवरों को पानी पिलाना, रक्तदान करना जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में रुचि लेते हैं। वही सदर अस्पताल साहिबगंज में गर्भवती महिला जिसे रक्त की कमी थी।जब इसकी जानकारी उमा अमृत फाउंडेशन के सदस्य संतोष मोदी को हुई।तो उन्होंने बिना देर किए हुए सदर अस्पताल पहुंचकर उसे गर्भवती महिला को रक्तदान किया।संतोष मोदी ने बताया कि अभी तक वह 11 बार रक्तदान कर चुका है।कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कोई हानि नहीं होता है।उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है।वही संस्था के ऋतिक पासवान,विकास पारीक एवं राहुल कुमार ने भी रक्तदान किया।वही आसपा फार्मा के संचालक गुड्डू कुमार ने रक्त वीरों को प्रोत्साहन करते हुए संस्था को धन्यवाद दिया।मौके पर प्रशांत शेखर,आकर्षित कुमार,सियाराम यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

छात्राओं ने रैली निकालकर वोटरों को किया जागरूक

लातेहार: बालूमाथ उच्च विद्यालय के छात्रों ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर वोटरों को विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए जागरूक किया। रैली हाईस्कूल से आरंभ होकर छठ तालाब ,बस स्टैंड, थाना चौक, मुरपा मोड, ब्लॉक होते हुए कई टोलो मोहल्ले का भ्रमण किया। रैली में शामिल छात्र छात्राओं ने अपने-अपने हाथों में तख्तियों व बैनर लेकर हड़िया दारु छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, पहले मतदान, फिर जलपान, वोट देना अपना अधिकार समेत कई नारा लगा रहे थे।

उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रूबी बानो ने बताया कि विद्यालय के बच्चों को अपने-अपने घर एवं अगल-बगल के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा है। मतदान कर सभी एक जागरूक नागरिक बन सकते हैं। लातेहार जिले में होने वाले विधानसभा चुनाव में 13 नवंबर को 18 वर्ष के ऊपर सभी लोग मतदान अवश्य करे।

दीपावली,काली पूजा और छठ पर्व के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/उधवा : राधानगर पुलिस द्वारा थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में दीपावली,काली पूजा और छठ पर्व के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया।इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य त्योहारी सीजन में क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना था।थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने स्थानीय बाजार, सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौराहों पर गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।दीपावली और काली पूजा के दौरान पटाखों के नियमन और सार्वजनिक व्यवस्था पर ध्यान देने के साथ-साथ,छठ पूजा के अवसर पर घाटों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए।पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाते हुए कानून-व्यवस्था का पालन करें।राधानगर पुलिस का यह फ्लैग मार्च न केवल जनता में विश्वास और सुरक्षा का संदेश लेकर आया बल्कि पुलिस और समुदाय के बीच सहयोग को भी मजबूत किया।

सलमान खान को फिर मिली जान से मारने की धमकी, दो करोड़ की मांगी फिरौती

धमकी देने वाले व्यक्ति ने अभिनेता से दो करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी है। पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल रूम को आज एक गुमनाम संदेश मिला जिसमें सुपरस्टार सलमान खान को दो करोड़ रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है।

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की नयी धमकी दी। धमकी देने वाले व्यक्ति ने अभिनेता से दो करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी है। पुलिस के मुताबिक, मुंबई पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल रूम को आज एक गुमनाम संदेश मिला जिसमें सुपरस्टार सलमान खान को दो करोड़ रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। वर्ली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी की प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मुंबई पुलिस ने मंगलवार को सलमान खान और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता जीशान सिद्दीकी को धमकी देने वाले 20 साल के युवक मोहम्मद तैयब उर्फ ??गुफरान खान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया। कुछ दिन पहले, मुंबई पुलिस ने अभिनेता को पांच करोड़ रुपए की रंगदारी की धमकी देने के आरोप में जमशेदपुर (झारखंड) के 24 वर्षीय सब्जी विक्रेता शेख हुसैन मोहसिन को गिरफ्तार किया था।

आज अपना 51वां बर्थडे मना रही अभिनेत्री ऐश्वर्या राय

आज यानी की 01 नवंबर को बॉलीवुड की सबसे ज्यादा खूबसूरत अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन अपना 51वां जन्मदिन मना रही हैं। साल 1997 में आई फिल्म प्यार हो गया से अभिनेत्री ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। ऐश्वर्या को इंडस्ट्री में 27 साल पूरे हो चुके हैं। इन 27 सालों में ऐश्वर्या राय ने खूब नाम कमाया है। वह बॉलीवुड इंडस्ट्री की सबसे फेमस अभिनेत्री हैं। आज भी ऐश्वर्या राय खूबसूरती के मामले में कई अभिनेत्रियों को कड़ी टक्कर देती हैं।

तमिल फिल्मों में भी किया कामः बता दें कि 01 नवंबर 1973 को ऐश्वर्या राय का कर्नाटक में जन्म हुआ था। ऐश्वर्या को कन्नड़, हिन्दी, मराठी, अंग्रेजी और तमिल आती है। हिंदी फिल्मों के अलावा एक्ट्रेस ने तमिल फिल्मों में काम किया है। उन्होंने शुरूआती पढ़ाई हैदराबाद, आंध्र प्रदेश से पूरी की। फिर बाद में ऐश्वर्या का पूरा परिवार मुंबई आकर बस गया। ऐश को पढ़ाई के दौरान ही मॉडलिंग का ऑफर मिलने लगे थे। क्योंकि वह बचपन से काफी ज्यादा सुंदर थीं और उनकी आंखें काफी ज्यादा अट्रैक्टिव हैं।

मिस वर्ल्डः 1994 में ऐश्वर्या राय मिस इंडिया प्रतियोगिता की उपविजेता रहीं और उसी साल उन्होंने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। मिस वर्ल्ड बनने के बाद ऐश्वर्या देश के लिए एक जाना-माना चेहरा बन गईं। फिर साल 1994 में अभिनेत्री ने साउथ फिल्म से डेब्यू किया। साल 1997 में उन्होंने तमिल फिल्म 'इरुवर' में काम किया। इसी साल ऐश्वर्या ने हिंदी फिल्म 'और प्यार हो गया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। फिर साल 1999 में आई फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के बाद ऐश्वर्या की जिंदगी पूरी तरह से बदल गईं। इस फिल्म में ऐश्वर्या, सलमान खान और अजय देवगन थे। पर्सनल लाइफः इस फिल्म के बाद से सलमान खान और ऐश्वर्या राय की डेटिंग की खबरों ने जोर पकड़ लिया। हालांकि सलमान से ब्रेकअप के बाद ऐश्वर्या का नाम अभिनेता विवेक ओबराय से भी जुड़ा। हालांकि सलमान-ऐश्वर्या और विवेक की दास्तान तो हर कोई जानता है। बाद में अभिनेत्री ने अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक बच्चन संग शादी रचाई। ऐश्वर्या और अभिषेक फिल्म 'ढाई अक्षर प्रेम के' के सेट पर मिले थे।

नेट वर्थः भले ही ऐश्वर्या अब फिल्मों में ज्यादा एक्टिव नहीं हैं, लेकिन इसके बाद भी वह हर साल करोड़ों रुपए कमाती हैं और वह बेशुमार दौलत की मालकिन हैं। अभिनेत्री की नेटवर्थ उनके पति अभिषेक बच्चन से कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐश्वर्या राय की नेटवर्थ 800 रुपए करोड़ है। वह एक फिल्म के लिए 10-12 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं।

फिल्म अल्फा में कैमियो करेंगे ऋतिक रोशन!

बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन फिल्म अल्फा में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। यशराज बैनर तले बन रही स्पाई थ्रिलर अल्फा में आलिया भट्ट और शर्वरी अहम भूमिका में दिखेंगी। चर्चा है कि फिल्म अल्फा में ऋतिक रोशन की एंट्री हो गयी है। ऋतिक फिल्म अल्फा में कैमियो रोल करते नजर आ सकते हैं। फिल्म वॉर में ऋतिक ने एजेंट कबीर का किरदार निभाया था।

एजेंट कबीर के किरदार के रूप में ऋतिक, फिल्म अल्फा में नजर आ सकते हैं। ऋतिक जल्द ही शूटिंग भी शुरू करेंगे। इससे पहले ऋतिक रोशन ने सलमान खान की स्पाई फिल्म फ्रेंचाइजी टाइगर की तीसरी किस्त यानी टाइगर 3 में भी कैमियो किया था।फिल्म अल्फा 25 दिसंबर 2025 को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

'बेबी जॉन' का टीजर लीक, वरुण धवन-जैकी श्रॉफ के अंदाज ने दर्शकों को बनाया दीवाना

नवंबर महीने की शुरूआत शानदार रही। 'भूल भुलैया 3' और 'सिंघम अगेन' की भव्य नाटकीय रिलीज के साथ, वरुण धवन की 'बेबी जॉन' का टीजर भी सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया गया। वहीं, वरुण धवन की फिल्म का टीजर देखते ही देखते सिनेमाघरों से लीक हो गया और इंटरनेट पर खूब साझा किया गया। 'बेबी जॉन' विजय की फिल्म 'थेरी' की आधिकारिक रीमेक है।

'बेबी जॉन' का टीजर लीकः सिनेमाघरों में टीजर प्रदर्शित होने के तुरंत बाद, प्रशंसकों ने इसे अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड किया और ऑनलाइन साझा किया। 'बेबी जॉन' के लिए चर्चा पहले से ही जोरदार थी और इस टीजर ने फिल्म के प्रति उत्साह को बिल्कुल नए स्तर पर पहुंचा दिया है। नेटिजन्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर टीजर के लिए अपनी समीक्षा साझा की, जिसमें एक्शन सेट के टुकड़ों और वरुण-जैकी की स्क्रीन उपस्थिति की प्रशंसा की गई।

वरुण के अवतार ने किया हैरान : एक नेटिजन ने लिखा, 'बेबी जॉन फायर है। वरुण धवन लंबे बालों में खतरनाक लग रहे हैं। 25 दिसंबर का इंतजार नहीं कर सकते।' एक अन्य ने बेबी जॉन को प्रमाणित ब्लॉकबस्टर कहा। एक यूजर ने लिखा, 'ब्लॉकबस्टर लोडिंग बेबी जॉन वरुण धवन।' एक इंटरनेट उपयोगकर्ता ने लिखा, 'बेबी जॉन टेस्टर कट आशाजनक लग रहा है। वरुण धवन कई लुक में शानदार हैं।'

जैकी श्रॉफ भी लगे दमदार : 'बेबी जॉन' के मुख्य विलेन जैकी श्रॉफ हैं, जो अपने रौबदार लुक से स्क्रीन पर बेहद खूंखार नजर आते हैं। वरुण ने फिल्म के लिए कई लुक भी अपनाए, लेकिन हल्की दाढ़ी के साथ उनका लंबा हेयरस्टाइल उन्हें स्क्रीन पर करिश्माई रूप से खतरनाक बनाता है। एटली ने 'बेबी जॉन' का निर्माण किया है। ये वही शख्स हैं जिन्होंने 'जवान' में शाहरुख खान को निर्देशित कर इतिहास रचा था।

'बेबी जॉन' स्टारकास्ट, रिलीज डेटः कीर्ति सुरेश 'बेबी जॉन' के साथ हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं और वामिका गब्बी भी इस फिल्म में धमाल मचाने वाली हैं। राजपाल यादव और जैकी श्रॉफ के अलावा, एक्शन से भरपूर इस फिल्म में कई बेहतरीन स्टार भी हैं। सुपरस्टार सलमान खान फिल्म के एक गाने में खास भूमिका में हैं। ए. कालीस्वरन द्वारा निर्देशित बेबी जॉन इस क्रिसमस पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

भारत- न्यूजीलैंड तीसरा टेस्ट मैच

वॉशिंगटन सुंदर का शानदार प्रदर्शन जारी, न्यूजीलैंड को दिए दो झटके

एजेंसी/मुंबईः न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के 92 रन पर तीन विकेट गिर चुके हैं। आकाशदीप ने एक और वाशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड को 2 झटके दिए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम 28, डेविड कॉन्वे चार और रचिन रविंद्र पांच रन बनाकर आउट हुए हैं।

इससे पहले वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि टीम में दो बदलाव हैं। मिचेल सैंटनर की जगह ईश सोढ़ी तथा टिम साउदी की जगह मैट हेनरी को एकादश में शामिल किया गया है, वहीं भारतीय टीम एक बदलाव है, जसप्रीत बुमराह की जगह मोहम्मद सिराज का एकादश में जगह दी गई हैं।

भारत एकादश–यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, आकाशदीप और मोहम्मद सिराज।

न्यूजीलैंड एकादश– टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, एजाज पटेल और विलियम ओरुके।

आईपीएल 2025

मुंबई के कप्तान बने रहेंगे हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा से पांच लाख रुपये ज्यादा में हुए रिटेन

मुंबई : हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान बने रहेंगे। गुरुवार को सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों के नाम का एलान किया। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने कोर खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। मुंबई ने पांचों कैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन किया है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह को सबसे ज्यादा 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वहीं, फ्रेंचाइजी ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को 16.35-16.35 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। मुंबई ने रोहित को 16.30 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वहीं, तिलक वर्मा को फ्रेंचाइजी ने आठ करोड़ रुपये में रिटेन किया है। मुंबई ने घरेलू खिलाड़ियों का अपना कोर बरकरार रखा है। अब मुंबई के पास एक राइट टू मैच कार्ड है और पांचों कैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन करने की वजह से ऑक्शन में मुंबई की टीम एक अनकैप्ड खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ सकेगी। मुंबई के लिए ईशान को रिलीज करना बड़ा फैसला है। वहीं, हार्दिक ही टीम के कप्तान बने रहेंगे और उन्हें रोहित से पांच लाख रुपये ज्यादा देकर रिटेन किया गया है। हार्दिक को पिछले साल ही ट्रेड से मुंबई ने गुजरात से अपनी टीम में शामिल किया था और कप्तानी सौंपी थी। इसको लेकर काफी विवाद हुआ था और रोहित शर्मा इस फैसले से खुश नहीं दिखे थे। रोहित का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वह केकेआर के तब असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर से यह कहते हुए सुने गए थे कि अब उनका मुंबई में नहीं रहने का मन है। इतना ही नहीं, हार्दिक को वानखेड़े में फैंस ने काफी चिढ़ाया भी था। हार्दिक की कप्तानी में पिछले सीजन मुंबई ने 14 में से 10 मैच गंवाए थे और सिर्फ चार मैच जीते थे। टीम अंक तालिका में आठ अंक लेकर सबसे नीचे 10वें स्थान पर रही थी। टीम में रिटेन किए गए पांचों खिलाड़ी लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा हैं। हार्दिक टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं। वहीं, सूर्यकुमार भारतीय टीम के मौजूदा टी20 कप्तान हैं। जसप्रीत बुमराह टेस्ट में उपकप्तान और रोहित हर प्रारूप में कप्तानी कर चुके हैं। तिलक वर्मा ने हाल ही में इमर्जिंग एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। इस साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित को हार्दिक को गाल पर किस करते देखा गया था और अब यह कयास लगाए जा सकते हैं कि रोहित और हार्दिक के बीच अनबन खत्म हो चुकी है। हार्दिक ने टी20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से फैंस का दिल जीता था। रोहित ने बाद में मुंबई में सेलिब्रेशन के वक्त हार्दिक की तारीफ भी की थी।

दीपावली के बाद बढ़ा दिल्ली में वायु प्रदूषण, 400 के करीब पहुंचा एक्यूआई

,6,लीड

नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली में दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक पर पहुंच गया है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के आसपास हो गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक पर पहुंच गया है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के आसपास हो गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिवाली के अगले दिन शुक्रवार को दिल्ली के कई इलाकों में हवा की एक मोटी परत जम गई है। इस कारण शहर की हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। राजधानी के अधिकांश इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 से अधिक दर्ज किया गया, जिससे निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ बढ़ गई हैं।

आंकडों के अनुसार सुबह करीब 7 बजे आनंद विहार में एक्यूआई 395, आया नगर में 352, जहांगीरपुरी में 390 और द्वारका में 376 दर्ज किया गया। इन सभी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता का स्तर 'बहुत खराब' रहा, जिससे स्वास्थ्य को काफी खतरा पैदा हो गया।

इंडिया गेट से गुजरते हुए साइकिल चालक स्टीफन ने कहा, प्रदूषण के कारण भयानक चीजें हो रही हैं। इस बार प्रदूषण बहुत अचानक से आया है। कुछ दिन पहले तक कुछ भी नहीं था और अब मेरा भाई बीमार पड़ गया है। मैं अपने भाई के साथ यहां साइकिल चलाने आता था, लेकिन हाल ही में प्रदूषण के कारण वह बुरी तरह प्रभावित हुआ है। और आज प्रदूषण बहुत ज्यादा है।

न्यूज ब्रीफ

एम्स से ड्रोन धर्मपुर लैब पहुंचाएगा ब्लड सैंपल

बिलासपुरः एम्स में किडनी प्रत्यारोपण सेवाओं की शुरूआत हो गई है। रीनल ट्रांसप्लांट के लिए आईसीयू दो करोड़ की लागत से बना है और रीनल ट्रांसप्लांट आईसीयू का निर्माण गुर्दे के उपचार में एक बड़ी कमी को पूरा करेगा। किडनी प्रत्यारोपण उपचार की सुविधा मिलने से रोगियों को इलाज के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ब्लड सैंपल लेकर ड्रोन के जरिए धर्मपुर लैब जाएंगे और एक घंटे की अवधि में सैंपल लैब में पहुंचेंगे, जबकि इससे पहले वाहन के जरिए चार पांच घंटे का समय लग जाता था। इसी तरह जहां भी कोई हादसा होता है, तो तत्काल उस जगह पर टीम पहुंचेगी और ब्लड सैंपल तत्काल ड्रोन के जरिए एम्स भेजे जाएंगे। मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री ने वर्चुअली 232 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की सेवाओं का शुभारंभ किया है। कई शिलान्यास भी किए हैं। इस शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम से अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं का लाभ हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक प्रदेश के मरीजों को मिलना शुरू हो जाएगा। एम्स में ब्रोंकोस्कोपी सुइट बनेगा जिस पर साठ लाख रुपए की लागत आएगी। इस सुविधा से फेफड़ों के कैंसर, फंगस संक्रमण और तपेदिक सहित श्वसन रोगों का इलाज किया जा सकेगा। एम्स में क्रिटिकल केयर ब्लॉक और आपातकालीन ट्रॉमा यह बहुमंजिला संरचना तैयार की जा रही है जिसकी अनुमानित लागत 350 करोड़ है। इसमें आधुनिक ट्रॉमा सुविधाएं और एक हेलिपैड होगा, जिससे ट्रॉमा मामलों और चिकित्सा संकटों के लिए त्वरित और कुशल प्रतिक्रियाएं संभव होंगी।

एम्स में बनेगा विश्राम सदनः एम्स में एक विश्राम सदन बनेगा, जिसकी लागत 26.75 करोड़ है। यह परियोजना पावर ग्रिड सीएसआर का एक प्रयास है, जो बीमार परिवारों को आवास प्रदान करेगी। इसके साथ ही एम्स भवनों की छतों पर सौर पैनल लगाए जा रहे हैं, जिस पर चार करोड़ खर्च होंगे। सौर पैनल लगाने की शुरूआत स्थायी ऊर्जा प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

जगनमोहन-शर्मिला में गहराया संपत्ति विवाद, बद्दी की आबोहवा बिगड़ी

आंध्र प्रदेश : पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी और उनकी बहन वाईएस शर्मिला के बीच संपत्ति विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया है। दोनों के बीच शेयरों और जमीन को लेकर जारी खींचतान के बीच जगन की मां विजयम्मा ने अपनी बेटी शर्मिला के समर्थन में एक ओपन लेटर लिखा है। विजयम्मा का कहना है कि उनके सभी बच्चे उनके लिए समान हैं, लेकिन इस मामले में उनकी बेटी के साथ नाइंसाफी हो रही है। जगन मोहन रेड्डी और शर्मिला के बीच 20 एक-ड़ जमीन और कंपनियों के शेयरों को लेकर विवाद है। बंगलुरु के पास स्थित इस जमीन और अन्य संपत्तियों की कीमत करोड़ों में मानी जा रही है।

तिरुमला में होंगे सिर्फ हिंदू कर्मचारी, लड्डू विवाद के बाद टीटीडी का बड़ा फैसला

तिरुपति : तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने एक विवादास्पद फैसला लेते हुए कहा है कि भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में सिर्फ हिंदू कर्मचारी ही काम करेंगे। टीटीडी के नए अध्यक्ष बीआर. नायडू ने यह फैसला लड्डू विवाद के बाद लिया है। नायडू ने कहा, तिरुमला में काम करने वाला हर व्यक्ति हिंदू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में आंध्र प्रदेश सरकार से बात करेंगे कि अन्य धर्मों के कर्मचारियों का क्या किया जाए। पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया था कि पिछली सरकार के दौरान लड्डू में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया जाता था। हालांकि, इस आरोप का खंडन किया गया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह का फैसला संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन कर सकता है। धार्मिक संगठनों ने भी इस फैसले का विरोध किया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि आंध्र प्रदेश सरकार इस मामले में क्या कदम उठाती है। साथ ही, यह भी देखना होगा कि यह फैसला कोर्ट में चुनौती दी जाती है या नहीं।

बांदा दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

बांदा : उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के तिंदवारी थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। तिंदवारी थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि यह दुर्घटना मूंगुस गांव के नजदीक हुई है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दोनों मोटरसाइकिलों के चालकों की मौके पर ही मौत हो गई है, जिनकी पहचान सलमान (25) और आशुतोष उर्फ साहिल दुबे (26) के रूप में हुई है। एसएचओ ने बताया कि इस हादसे में सलमान के साथ मोटरसाइकिल पर सवार तरन्नुम और आशुतोष की मोटरसाइकिल पर सवार स्वतंत्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। राजावत ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है तथा हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

पीएम मोदी के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का निधन, 69 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री मोदी के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का निधन हो गया है। बिबेक देबरॉय 69 साल के थे। उन्होंने नई पीढ़ी के लिए सभी पुराणों का अंग्रेजी में आसान अनुवाद भी लिखा है।

देबरॉय की शुरूआती शिक्षा पश्चिम बंगाल के नरेंद्रपुर स्थित रामकृष्ण मिशन विद्यालय से हुई। इसके बाद उन्होंने इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन की डिग्री कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज से हासिल की। देबरॉय ने इकोनॉमिक्स में ही मास्टर्स किया। इसके लिए वो दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स आए। फिर वो ट्रिनिटी कॉलेज स्कॉलरशिप पर आगे की पढ़ाई के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज चले गए।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज में बिबेक देबरॉय अपने सुपरवाइजर और ब्रिटिश इकोनॉमिस्ट फ्रैंक

हान से मिले। हान की निगरानी में देबरॉय ने जनरल इक्विलिब्रियम फ्रेमवर्क पर काम किया। वैसे तो देबरॉय यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज अपनी पीएचडी करने गए थे। लेकिन उन्होंने वहां से टू डिग्री हासिल की, और अपने देश वापस आ गए। बिबेक देबरॉय ने साल 1979 से 1983 के बीच कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में बतौर लेक्चरर पढ़ाया। यही नहीं, उन्होंने गोखले इन्स्टिट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड में भी पढ़ाया। आर्थिक उदारीकरण के बाद सरकार को बड़े पैमाने पर नई नीतियों के लिए विशेषज्ञों से सलाह की जरूरत पड़ी। साल 1993-98 के बीच देबरॉय ने वित्त मंत्रालय में लीगल रिफॉर्म्स के प्रोजेक्ट पर काम किया। साल 2004 से 2009 के बीच देबरॉय नेशनल मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पटीटिव काउंसिल के सदस्य भी रहे। इसके बाद उन्हें 2014-15 के बीच रेल मंत्रालय की हाई पावर कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया। रेल सेक्टर को लेकर देबरॉय कमेटी के सुझाव चर्चा (और कुछ मामलों में विवाद) का विषय बने थे। कमेटी ने शताब्दी और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों के संचालन में प्राइवेट सेक्टर को लाने की सिफारिश की। रेलवे के संगठन में ऊपर से नीचे परिवर्तन की वकालत की। साथ ही दलील दी, कि अलग से रेल बजट पेश करने का कोई खास तुक नहीं है इनमें से कुछ सुझावों पर मोदी सरकार ने अमल भी किया।

ओडिशा में बंजारों के समूह में झड़प और पांच लोगों की मौत मामले में 13 लोग हिरासत में

सुंदरगढ़ः ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में बंजारों के दो समूहों के बीच झड़प में पांच लोगों की मौत से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को 13 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार देर रात सुंदरगढ़ सदर थाना क्षेत्र के करमाडीही गांव में हुई झड़प में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने बताया कि घायलों का सुंदरगढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि हिंसा के पीछे विवाहेतर संबंध होने का संदेह है। घटना के बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने पड़ोसी जिले से सात महिलाओं समेत 13 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोग झारखंड और बिहार के निवासी हैं।

बांदा में बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

बांदा : उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के बदौस थाना क्षेत्रमें अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से 70 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बांदा जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिवराज ने बताया कि बदौस थाना क्षेत्र के हड़हामाफी गांव में अज्ञात बदमाशों ने घर में अकेले रह रही बुजुर्ग महिला रामबाई (70) की बुधवार रात धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि महिला निःसंतान थी और उसके पति की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। शिवराज ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है तथा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी ने बताया कि अब तक जांच में सामने आया कि महिला ने डेढ़ साल पहले अपनी ग्यारह बीघा कृषि भूमि दो करोड़ रुपये में बेची थी, जिसमें खरीदार ने काफी रुपये उधार कर दिए थे और ऐसा प्रतीत होता है कि पैसे के लालच में महिला की हत्या की गई है।

गाजियाबाद में सात जगहों पर लगी आग, मकान, दुकान और कार चपेट में

गाजियाबाद : दीपावली की रात गाजियाबाद में कई जगहों पर आग लगने की घटना सामने आई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

गाजियाबाद के थाना कोतवाली क्षेत्र के मुख्य मार्केट तुराबनगर में गारमेंट शॉप में आग लग गई। शोरूम मालिक के मुताबिक संभवतः कोई रॉकेट आकर शोरूम के सबसे ऊपरी मंजिल पर गिरा, इससे आग लगी। आग के चलते लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इसके अलावा शास्त्री नगर में भी एक मकान में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली। यहां मौके पर दो गाड़ियों को भेजा गया, जिन्होंने आग को नयिंत्रति कयि।

इसके अलावा फायर विभाग को चौपला मंदिर में दुर्गा ज्वेलर्स में आग लगने की सूचना मिली। सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को रवाना किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद इंदिरापुरम के ज्ञान खंड फर्स्ट में एक बिल्डिंग में आग लगने की सूचना फायर टीम को मिली। मौके पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों को रवाना किया गया। वहां बिल्डिंग के नीचे जूतों के एक शोरूम में भयंकर आग लगी थी। उसके ऊपर रेजिडेंशियल फ्लैट बने हुए थे। इनमें कुछ लोगों के फंसे होने की भी सूचना थी। फायर टीम ने सभी को रेस्क्यू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इसके अलावा फायर विभाग को सूचना मिली की शास्त्री नगर में घर के बाहर खड़ी एक कार में आग लग गई। मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इसके अलावा राजेंद्र नगर इंडस्ट्रियल एरिया में भी आग लगने की सूचना मलिने पर मौके पर पहुंचीं फायर ब्रगिड की गाड़ियों ने आग को बुझाया।

सिलेंडर से गैस रिसाव होने से लगी आग में झुलसकर मां-बेटे की मृत्यु

पटनाः बिहार के कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में बृहस्पतिवार सुबह एक घर में एलजीपी सिलेंडर से गैस रिसाव होने से लगी आग में झुलसकर एक महिला और उसके 10 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब महिला अपने बेटे के साथ रसोई घर में नाश्ता बनाने के लिए गयी थी जहां सिलेंडर से गैस का रिसाव हो रहा था तथा चूल्हा जलाने के दौरान आग लग गई। वह और उसका बेटा आग की चपेट में आ गए। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मोहनियां अनुमंडल दंडाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कबीर अंत्येष्टि तथा पारिवारिक लाभ योजना के तहत पीड़ित परिवार को मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए 23 हजार रुपये दिए गए हैं तथा आपदा प्रबंधन विभाग से उनको आठ लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है।

कोलकाता रसायन फैक्टरी में आग मामला ,दो और लोगों की मौत, मृतकों की संख्या तीन हुई

कोलकाताः पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक रसायन फैक्टरी में आग लगने की घटना में घायल हुए दो लोगों की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल के उत्पादन वाली इकाई में बुधवार दोपहर को लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बारासात में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति की बुधवार को मौत हो गई थी।

दीपावली की रात चार सोसाइटियों में लगी आग, दमकल की टीम ने पाया काबू

नोएडा/दल्लि :दीपावली की रात नोएडा, ग्रेटर नोएडा और राजधानी दल्लि में कई जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं।

इनमें से मुख्य घटना ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुपरटेक इको विलेज 1 सोसाइटी में हुई। इसमें 17वें फ्लोर पर लगी आग 18 और 19वें फ्लोर तक पहुंच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार हाउसिंग सोसाइटी में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। इनमें रखा सामान जलकर राख हो गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पहली बड़ी घटना

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज 1 सोसाइटी में हुई। इसमें जे टावर के 17वीं मंजिल के फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग ने तेजी से फैल कर 18वीं मंजलि को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि वे दूर-दूर से दिखाई दे रही थीं। सोसाइटी के लोग टावर के नीचे इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया। इसके बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट की समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू सोसाइटी के एम टावर में भी हादसा हुआ। 13वीं मंजिल के एक फ्लैट में दीपक के कारण आग लग गई। बिसरख कोतवाली क्षेत्र में आने वाले इस इलाके में लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दमकलकर्मियों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया और किसी तरह की जानमाल की हानि नहीं हुई। एहतियातन फ्लैट के आसपास के हिस्सों को खाली करा लिया गया। एक अन्य घटना में ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन मायवुड्स सोसाइटी में 23वीं मंजिल पर आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। इससे वक्त रहते आग पर नियंत्रण पा लयि गया। यहां भी किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली, लेकिन हादसे के बाद सोसाइटी के लोग दहशत में टावर के नीचे जमा हो गए। इसके बाद नोएडा सेक्टर-120 स्थित आम्रपाली जोडियक सोसायटी के डी टावर में भी 11वीं मंजिल पर फ्लैट में आग लग गई। आग दीयों से लगी मानी जा रही है। आग के कारण फ्लैट से लपटें निकलने लगीं। दमकलकर्मियों ने यहां भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। उधर, दिल्ली फायर सर्विस के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि 31अक्टूबर की शाम 5 बजे से 1 नवंबर सुबह 5 बजे तक दिल्ली के अंदर आग लगने की 310 कॉल आई।

गांडेय में जयराम को धोखा, जेएलकेएम के प्रत्याशी ने थाम लिया झामुमो का दामन

मेट्रो रेज संवाददाता

गिरिडीहः झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान पाला बदलने का खेल लगातार चल रहा है। कार्यकर्ता और नेता लगातार एक दूसरे पार्टी में पाला बदल रहे हैं। वहीं गांडेय में कुछ अलग ही तरीके से पार्टी बदलने का खेल हो गया है।

यहां झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी ने जयराम महतो को ही धोखा दे दिया। जयराम की पार्टी के प्रत्याशी अकील अख्तर ऊर्फ रिजवान क्रांतिकारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। नामांकन वापस लेने के ठीक 1 दिन पहले अखिल अख्तर रिजवान क्रांतिकारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की है।

झामुमो के द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बाबत पोस्ट भी कर दिया है। झामुमो ने मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के साथ रिजवान क्रांतिकारी का फोटो भी पोस्ट किया है। झामुमो ने अपने पोस्ट में कहा है कि रिजवान क्रांतिकारी ने झामुमो के सिद्धांत पर अपनी आस्था व्यक्ति है।

बता दें कि गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना मुर्मू सोरेन विधायक हैं और वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार भी हैं। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतान्त्रिक क्रन्तिकारी मोर्चा ने कल्पना के खिलाफ रिजवान क्रांतिकारी को उम्मीदवार बनाया था। रिजवान ने पर्चा भी दाखिल कर दिया और चुनावी प्रचार में जुट गए।

मुस्लिम वोट एकजुट करने का प्रयास

गांडेय के सिसायी और जातिगत समीकर को लेकर बात करें तो रिजवान के चुनाव लड़ने से मुस्लिम वोट में बिखराव का खतरा था। ऐसा माना जा रहा है कि रिजवान यहां मुस्लिम वोट में सेंधमारी करते तो कल्पना को नुकसान हो सकता था। ऐसे में जेएमएम ने तगड़ी चाल चली और रिजवान को ही पार्टी में शामिल कर लिया। इस मामले पर जेएलकेएम नेता मोतीलाल ने कहा कि रिजवान के जेएमएम में शामिल होने की सूचना मिली है। अब आगे की रणनीति तैयार की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

सेल के अधिकारियों ने हॉकी खिलाड़ियों के साथ मनाई दीपावली

किरीबुरु : सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रंबधन के अधिकारियों ने प्रबंधन द्वारा संचालित सेल डे बोर्डिंग हॉकी ट्रेनिंग सेंटर के युवा खिलाड़ियों के साथ दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान हॉकी सेंटर के दर्जनों बच्चों ने हॉकी मैदान के विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक रंगोली व सेल का लोगो बनाया। देर शाम जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई।

सेल अधिकारी भी बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां बांट अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। इस सेंटर में दर्जनों गरीब बच्चे हॉकी का प्रशिक्षण लेते हैं। इस दौरान उप महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक राम बाबू डोराडला, वीर सिंह मुंडा, जगदीप महाराणा, सरगेया अंगारिया आदि दर्जनों मौजूद थे।

14 नवंबर से मनेगा तीन दिवसीय श्री श्याम जन्म महोत्सव

सरायकेला : श्री श्याम कला भवन चांडिल द्वारा अयोजित होने वाले तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव की तिथि में विधानसभा चुनाव को देखते हुए बदलाव किया गया है।

15 नवंबर को विशाल भजन संध्या का आयोजन

कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि चुनाव को देखते हुए तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम कार्तिक एकादशी से आगे बढ़ा कर कार्तिक पूर्णिमा को आयोजित किया जायगा। महोत्सव के पहले दिन 14 नवंबर को बाबा श्याम की विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन 15 नवंबर को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है। भजन संध्या मे कई नामी गिरामी भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। जन्मोत्सव में आयोजित भजन संध्या में आने वाले सभी श्याम प्रेमियों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। तीसरे दिन 16 नवंबर को अनुदान कूपन का ड्रॉ किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से कार्तिक एकादशी पर श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजन होता आ रहा है। लेकिन इस वर्ष चुनाव महापर्व को देखते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया है।

केदारनाथ की यात्रा पूरी कर निरसा लौटे रामबाबू का स्वागत

धनबाद : देश में बढ़ती गो हत्या, दुष्कर्म व हत्या की घटनाओं से आहत होकर निरसा कांटा निवासी स्वयंसेवक रामबाबू ने 56 दिनों में निरसा से केदारनाथ धाम की यात्रा पूरी की। रामबाबू के यात्रा से लौटने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने बुधवार की शाम निरसा के शिव मंदिर में अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। रामबाबू ने बताया कि केदारनाथ की यात्रा में निरसा के समाजसेवी संगठन व सनातनियों का काफी सहयोग मिला। कार्यक्रम में बृहस्पति पासवान, संजीव सिन्हा, मुन्ना सिंह, अमर मिश्रा, कृष्ण रवानी, पुलक भट्टाचार्य, संजय महतो, सजल दास, महेश मिश्रा, पूर्णेन्दु मालाकार आदि मौजूद रहे।

पीएम मोदी के आगमन को लेकर चाईबासा में बैठक

चाईबासा : असम सीएम और झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने आज चाईबासा में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी के आगमन को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लिया गया। सभी इस बात पर सहमत हुए कि पीएम के आगमन पर किसी भी आमजन को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिये। साथ ही सुरक्षा की बाबत चर्चा की गयी। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, मंझगांव विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बड़कुंवर गगराई एवं चाईबासा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गीता बालमूचू सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

एक अन्य खबर के मुताबिक हिमंता ने आज चाईबासा में ही नाराज कार्यकताओं से मुलाकात की और उनको पार्टी के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रेरित किया। हिमंता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब कोई नाराज नहीं है। हम सब मिलकर काम करेंगे। बता दें कि कई कार्यकताओं ने चाईबासा सीट पर प्रत्याशी गीता बलमुचु के उम्मीदवारी पर आपत्ति जतायी थी। हिमंता ने इस पर कहा, हम अच्छे से चुनाव लड़ेंगे और इस बार हम चाईबासा की सभी सीटें जीतने का प्रयास करेंगे।

बोकारो में पटाखों की दुकान में लगी आग, 50 दुकानें हुईं खाक

बोकारोः जिला के चास मुख्य सड़क पर गरगा पुल के किनारे लगे 66 पटाखों की दुकान में अचानक आग लग गई। इस घटना में लगभग 50 दुकानें जलकर खाक हो गईं। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बीएसएल और झारखंड अग्निशमन विभाग के चार फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है।

इस हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुकानों में आग लगने पर वहां रखे पटाखों में धमाके होने लगे और रॉकेट चलने लगे। जिस कारण दुकानदारों और ग्राहकों में भगदड़ मच गई। आग से पटाखे जलने के कारण काफी देर तक वहां पर अफरातफरी का माहौल रहा। इसके बाद इस हादसे की सूचना प्रशासन को दी गयी।

जिला प्रशासन की अनुमति के बाद पास में भीड़भाड़ वाला इलाका होने के कारण गरगा पुल के पास स्थित खाली जगह में पटाखे की दुकानें अस्थायी तौर पर लगाई जाती है। जहां चास के अलावा बोकारो स्टील सिटी के विभिन्न सेक्टरों के लोग आकर पटाखे की खरीदारी करते हैं। जिला प्रशासन ने अनुमति तो दे दी है लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं।

इस संबंध में अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी ने कहा कि दुकानें अस्थायी हैं। इसलिए खुली जगह पर दुकान लगाने की अनुमति दी गई है। साथ ही आपदा प्रबंधन के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया जाता है। इस मामले की जांच कराई जाएगी। बताते चलें कि जहां दुकानें लगी थीं, उसके पास ही बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज का आवास है।

वहीं बोकारो से भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से यहां दुकानें लग रही हैं, सभी गरीब लोग हैं। जिला प्रशासन को मामले की जांच कर दुकानदारों को उचित मुआवजा देना चाहिए। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह भी घटनास्थल पर पहुंची और इस आग में जली हुई दुकानों का निरीक्षण किया।

आग लगने के बाद हुई जमकर लूटपाट

दुकानदारों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक ओर जहां पटाखा दुकान में आग लगी। वहीं कुछ असामाजिक तत्वों ने मौके का फायदा उठाकर दुकानों में लूटपाट शुरू कर दी। उन लोगों ने पटाखों के अलावा दुकानों से पैसा भी लूटा लिया।

देवघर के एसपी अजीत पीटर डुगडुग चुनाव आयोग के आदेश पर देवघर से हटें

बिनय मिश्रा

भारतीय पुलिस सेवा 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी और पूर्व में देवघर में एसपी के रूप में पदस्थापित रहते हुए लोक सभा चुनाव के दौरान तत्कालीन एसपी अजीत पीटर डुगडुग को चुनाव के दौरान हटा दिया था तथा राकेश रंजन को लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापना हेतु अनुमति प्रदान की थी। किन्तु लोकसभा चुनाव समाप्त होने के साथ ही अजीत पीटर डुगडुग को देवघर का पुनः पुलिस अधीक्षक बनाया गया। जुन माह में श्री डुगडुग को देवघर का पुनः एसपी बनाया गया तथा आज विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान चुनाव आयोग ने आज देवघर से पुलिस अधीक्षक के रूप में हटाने को कहा। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि राँची में महज 14 दिनों तक उपायुक्त के रूप में पदस्थापित रहने वाले मंजुनाथ भजोन्तरी को हटाने के पश्चात चुनाव आयोग ने देवघर के वर्तमान एसपी अजीत पीटर डुगडुग के प्रकरण को भी गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाया। गौरतलब हो कि इससे पूर्व भी चुनाव आयोग ने उन्हें लोकसभा चुनाव में इन्हें हटाया था इस प्रकार से यह पहला अवसर है जब किसी पुलिस अधीक्षक को चुनाव आयोग के आदेश पर एक ही जिला से दो बार हटना पड़ा।

चक्रधरपुर के बहुप्रतिष्ठित प्रतिष्ठान गोलु जी स्नेक्स नमकीन भण्डार में दीपावली पर उमड़ी लोगों की भीड़

मेट्रो रेज संवाददाता

चक्रधरपुरः चक्रधरपुर के बहुप्रतिष्ठित प्रतिष्ठान गोलु जी स्नेक्स नमकीन भण्डार में दीपावली के अवसर पर बनाये गये विभिन्न मिष्ठान्न एवं मुख्य रूप से इस प्रतिष्ठान की प्रसिद्ध लड्डू की खरीददारी करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोलु जी स्नेक्स नमकीन भण्डार में विभिन्न प्रकार की मिठाई मुख्य आकर्षण का केन्द्र हैं जिनमें दीपावली के अवसर पर इस प्रतिष्ठान में बनने वाले कई प्रकार के लड्डू इस वर्ष भी मुख्य आकर्षण के केन्द्र हैं। उत्कृष्ठ तरीके से निर्माण और शुद्धता के साथ बनने वाले सामग्री इस दुकान की विश्वास का प्रतिक है और इसी का यह परिणाम है कि इस प्रतिष्ठान में खरीददारी हेतु लोगों की भीड़ अच्छी खासी होती है और देखी भी जाती है। दुकान के प्रोपराईटर सुरेश कुमार साव बताते हैं कि विगत कई वर्षों से लोगों के ईच्छानुरूप इस प्रतिष्ठान में यूँ तो प्रतिदिन बेहतर सामग्री समुचित दर पर मिलते हैं किन्तु दीपावली के अवसर पर कई प्रकार के मिष्ठान्न जिनमें मुख्य रूप से लड्डू भी शामिल है वह भी विभिन्न प्रकार के आकार और प्रकार में उपलब्ध हैं। लोगों की विश्वास ही हमारी उर्जा और पूँजी है तथा समुचित दर पर बेहतर शुद्धता के साथ लोगेां को उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य और लक्ष्य है।

कराईकेला में भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

झारखंड में भाजपा विधानसभा चुनाव भारी मतों से जीत कर सरकार बनाएगी : शशि भूषण सामाड

मेट्रो रेज संवाददाता

बंदगांवः गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शशिभूषण सामड ने कराईकेला में भाजपा पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री सामड ने कहा कि इसी कार्यालय से चुनाव की तैयारी होगी। हम गांव-गांव जाकर जनता से उनका बहुमूल्य मत मांगेगे और जनता के सभी समस्याओं से रूबरू होकर समस्याओं का निवारण करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि चक्रधरपुर की जनता इस जुमलेबाज झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार से परेशान हो गई है और इसे हटाकर भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने अपने कार्यकताओं का जोश भरते हुआ कहा कि इस बार के मतदान में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को विजय दिलवाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करें। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी, प्रवासी एवं कार्यकताओं के साथ एक बैठक का भी आयोजन किया । उन्होंने सभी कार्यकताओं को चुनाव तक जोर शोर से चुनावी कार्य मे जुटने की अपील किया। इस मौके पर इस मौके पर महिला मोर्चा की अनिता सम्बरूई, कराईकेला मंडल अध्यक्ष बीजू प्रामाणिक, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष तिरथ जामुदा, मुखिया कुश पूर्ति,युवा मोर्च अध्यक्ष बिट्टू मिश्रा, मंत्री बबलू प्रामाणिक, विजय नाग, देवा प्रामाणिक,संजय प्रामाणिक, मंगल बोदरा, मुंडे बोदरा,सुसेन प्रधान, नवरतन प्रधान, दीपक महतो, कमल महांती,चतुर्भुज महतो, ललिता देवी, रथिया बारीक, अभी प्रामाणिक, जितेंद्र सांडिल समेत अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने शहीद सैनिकों के परिजनों संग बांटी खुशियां

जमशेदपुर : दीपावली की खुशियां बांटने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के प्रतिनिधिगन अपने-अपने क्षेत्र में मौजूद वीर शहीद सैनिकों के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्हें दीपोत्सव की शुभकामनाएं दीं। मौके पर शहीद की मां, पत्नी एवं बच्चों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा मिठाई देकर दिवाली की खुशियां बांटी।

तत्पश्चात पूर्व सैनिक ने बिष्टुपुर स्थित शहीद मनोज कुमार के घर पहुंच कर उनकी पत्नी सुनिता शर्मा, बच्चों एवं अन्य परिजनों से भी मुलाकात कर अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें दीपावली की शुभकामनायें दीं। परिषद द्वारा जगमाया देवी, शहीद किशन दुबे कीताडीह, दुर्गावती देवी, पत्नी शहीद जितेंद्र कुमार-बागबेड़ा,नायब सूबेदार नवीन कुमार, पिता शहीद मनोरंजन कुमार (शौर्य चक्र मरणोपरांत) बालीगुमा, हवलदार राजेन्द्र शर्मा एवम हवलदार राम लखन ठाकुर के घर पहुंचकर दिवाली की खुशियां बांटते हुए उन्हें मिठाई दी।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने समस्त जिलावासियों को दिवाली की शुभकामनायें देते हुए कहा कि रौशनी का यह त्योहार आप सभी के जीवन में खुशियां ही खुशियां लाए। मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धनाथ सिंह, वरिष्ठ सदस्य एसके सिंह, अवधेश कुमार, कुंदन सिंह वरुण कुमार, मनोज सिंह, संजय सिंह, शैलेश सिंह, बीएन यादव, आरपी ठाकुर मौजूद थे।

संकल्प सृजन ने शहीदों के नाम दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि

बोकारो : सुख-चैन-नींद त्याग दिया हमें आराम, आओ उनकी स्मृति में करें एक दीप दानह्न इन्हीं उक्तियों के साथ बोकारो की सामाजिक संस्था संकल्प सृजन ने बुधवार को दिवाली उत्सव मनाया। सेक्टर 4 स्थित साईं दरबार के पास ह्यएक दीया हुतात्माओं (शहीदों) के नामह्न का आयोजन कर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था की महासचिव साध्वी झा ने कहा कि भारत का हर वह लाल पूजनीय है, जो सैन्य-बल में अपनी जिंदगी तलाशता है। अंगारों पर शीतल छांव महसूस करता है, कांटों से पांव छलनी कर मां भारती के आंचल में रंग-रंगीले फूल सजाता है। भारत माता के रखवाले वीर सपूत अपनी जान पर खेलकर हमें सुरक्षित रखते हैं। इस गौरवशाली आयोजन में सभी सदस्यों ने अपनी ओर से एक-एक दीया जलाकर शहीदों से यह प्रार्थना की कि इस माटी से आप जैसे लाखों-लाख पुत्र जन्म लें, जो भारती का वास्तविक श्रृंगार करें। वीर शहीद अमर रहें के नारे से वातावरण गुंजायमान रहा। मौके पर संकल्प सृजन के संरक्षक मनोज झा, दिनेश्वर सिंह, विद्यार्थी परिषद के सदस्य सहित सोशल मीडिया विंग की सुरुचि झा, सुजीत मिश्रा, मोहित राज, प्रिया पांडे, अमित आनंद, अजय, अभिषेक, बलराम झा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

जनता की मांग पर मैं लड़ रहा हूं चक्रधरपुर से चुनाव : डॉ विजय

मेट्रो रेज संवाददाता

बंदगांव : चक्रधरपुर के पोटका में समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने विधानसभा चुनाव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि मैं चक्रधरपुर की जनता की मांग पर चक्रधरपुर विधानसभा का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ रहा हूं। मेरा चुनाव चिन्ह ऑटो टेंपो है। मुझे 12 नंबर पर चुनाव आयोग ने सिंबल दिया है। उन्होंने कहा चुनाव जीतने के बाद में इंडिया गठबंधन में ही साथ दूंगा। उन्होंने कहा लोग मेरे बारे में भ्रामक अफवाह फैला रहे हैं। चक्रधरपुर की जनता सब देख समझ रही है। मैं ग्रामीणों को स्पष्ट कहना चाहता हूं की क्षेत्र का विकास, बदलाव एवं मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक बार मुझे मौका दें ।मैं लोगों की विश्वास पर खरा उतारूंगा ।उन्होंने कहा मैं एक शिक्षित व्यक्ति हूं। लोगों का कैसे समस्या का हल किया जाएगा उसकी मुझे जानकारी है।

उन्होंने कहा मेरे कार्य को देखते हुए सभी लोगों का साथ मिल रहा है। और उम्मीद है कि यहां की जनता मुझे भारी बहुमत से जीत दर्ज कराएगी। इस बार यहां की जनता चुनाव लड़ रही है। जनता को भ्रमित विपक्षी पार्टी द्वारा किया जा रहा है। जो वह कामयाब नहीं होंगे। मेरे काम को देखते हुए बहुत सारे दल के लोग मुझसे जुड़ रहे हैं। जो की आने वाला समय के लिए बहुत बेहतर होगा। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विजय मेलगांडी समेत दर्जनों लोगों ने डॉ विजय सिंह गागराई से माला पहनकर उन्हें समर्थन देने की अपील भी की। डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा हमारे दल मे सभी लोगों का स्वागत है।